रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/97 REGISTERED NO. DL—33001/97

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 9] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 1, 1997 (फाल्गुन 10, 1918)
No. 9] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 1, 1997 (PHALGUNA 10, 1918)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

सरकारी और बैंक लेखा विभाग

बंबई, दिनांक 1 मार्च 1997

भारत सरकार के राजपत्र में 20 अप्रैल 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल 1954 की अधिसूचना सं०एफ० (8) 70/बी/5 और भारत सरकार के दिनांक 21 फरवरी 1990 के असाधारण राजपत्र सं० 67 के अंतर्गत यथासंशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के नियम 18 के अनुसरण में दिसम्बर 1996 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची खो गयी आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है, जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्ट्या आधार मौजूद है कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदनों का दावा न्यायोचित है। नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका इन प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य लेखाकार, भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग मुंबई को संसूचित करें। सूची दो भागों में विभाजित की गयी है। भाग "क" में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गयी हैं और भाग "ख" में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गयी है।

"सूची क"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	नाम से जारी की गयी	ब्याज धारित किये जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार(रों) का/के नाम	जारी किये गये आदेश की सं० तथा तारीख
		कलकत्ता सर्किल			
		3 प्रतिशत परिवर्तन ऋण 1946			
सी० ए० 315090	रु० 5,000/-	मनी मोहन प्रामाणिक (मृत)	64वां तक का ब० वा० ब्याज अदा किया गया।	हेमन्त कुमार प्रामाणिक	फाइल सं० 1–2505 दिनांक 12–12–96 का महाप्रबंधक का आदेश। दिनांक 01–01–1997 का डी० पाई० सं० एल० सी० ओ० 127/96–97 देखिए।

सूची "ख"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	किसके नाम जारी की गयी	ब्याज धारित किये जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार(रों) का/के नाम	जारी किये गये आदेश की सं० तथा तारीख
1	2	3	4	5	6
		अहमदाबाद सर्किल			
		3 प्रतिशत परिवर्तन ऋण 1946			
ए० डी० 003983	900/—	समाहर्ता, भावनगर	16–9–1973	समाहर्ता भावनगर [(निम्नलिखित न्यासों (ट्रस्ट) के न्यासी (ट्रस्टी) की हैसियत से]	खोया हुआ मामला सं० एल० एम०/एस०/311 मु० म० प्र० के दिनांक 1–11–96 के आदेश एवं केन्द्रीय
ए० डी० 005989	100/—		16–9–1976	1. बासाहब ऑफ तलाजा	कार्यालय के दिनांक 1–11–96 डायरी
ए० डी० 007379	200/—		16–3–1977	2. भावसिंहजी चोरासी सं० 118 निधि	
ए० डी० 010058	1300/—		16–9–1981	3. नागनाथ महादेव निधि	
				4. मालनाथ महादेव निधि	

1	2	3	4	5	6
		9 प्रतिशत राहत बांड 1987 (अहमदाबाद सर्किल)			
ए० डी० 001428	रु० 20,000	प्राणलाल भार० शींगाला और सविता पी० शींगाला	30-1-92	सविता पी० शींगाला	खोया हुआ मामला सं० एल० एन०/एस०/328 मु० मं० प्र० के दिनांक 24-10-96 के आदेश एवं केन्द्रीय कार्यालय के दिनांक 24-10-96 डायरी सं० 115
ए० डी० 001429	रु० 10,000	—वही—	3-2-92	—वही—	—वही—
ए० डी० 001185	रु० 25,000	—वही—	1-2-91	—वही—	—वही—
ए० डी० 001292	रु० 25,000	—वही—	6-9-91	—वही—	—वही—
		अहमदाबाद सर्किल			
		राष्ट्रीय रक्षा स्वर्ण बांड 1980 श्रेणी 'ए'			
ए० डी० 004927	100 ग्राम सोना	नरेन्द्र नवीन चन्द्र	26-10-79	संजीव रमेश चोक्सी	खोया हुआ मामला सं० एल० एन०/एस०/76 मुख्य महा प्रबन्धक के दिनांक 16-3-96 के आदेश एवं केन्द्रीय कार्यालय के दिनांक 18-3-96 की डायरी सं० 243 ए०

वि० डी० चौहान
कृते मुख्य महाप्रबन्धक

लोक ऋण कार्यालय

कानपुर-208001, दिनांक 1 मार्च 1997

भारत के राजपत्र में 20 अप्रैल 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल 1954 की अधिसूचना सं० एफ० (8) 70/बी/52 और भारत के दिनांक 21 फरवरी, 1990 के असाधारण सं० 67 के अंतर्गत लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के नियम 18 के अनुसरण में जनवरी, 1997 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची जो गयी आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है, जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्टया आधार मौजूद है कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है। नीचे लिखे संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका इन प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो तत्काल मुख्य महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक, लोक ऋण कार्यालय, कानपुर को सूचित करें। सूची दो भागों में विभाजित की गई है। भाग 'क' में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गई हैं और भाग "ख" में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गई है।

सूची 'क'

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	नाम से जारी की गयी	ब्याज धारित किये जाने की तारीख	डुप्लीकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार/रों का/के नाम	जारी किये गये आदेश की सं० तथा तारीख
1	2	3	4	5	6
6½% आई० एम० सी० बाण्ड्स 1988					
के० एम० 000039	15000/-	बैंक आफ बड़ौदा	दसवीं छमाही से ब्याज देय	प्रोव्हीडेंट फंड आफ हिन्द केमिकल्स लि०	फाइल सं० एल० एम० जी० 237 उप महा-प्रबंधक आदेश सं० आई० आर० 1528/61 दिनांक 20-6-96
के०एम० 000034	5000/-	भारतीय स्टेट बैंक	5-6-80	हिन्द केमिकल्स लि०, इम्प्लाईज प्राविडेंट फंड ट्रस्ट.	फाइल सं० एल० एम० जी० 242 उप महा-प्रबंधक आदेश सं० आई० आर० 1530/61 दिनांक 20-6-96

सूची 'ख'

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु० ग्राम	नाम से जारी की गयी	ब्याज धारित किये जाने की तारीख	डुप्लीकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार/रों का/के नाम	जारी किए गये आदेश की सं० तथा तारीख	लोक ऋण अधिनियम 1944 के अंतर्गत सूची के प्रकाशन की तारीख जिसमें प्रतिभूति पहली बार प्रकाशित की गई थी।

——— शून्य ———

कृते मुख्य महाप्रबन्धक

यूनियन बैंक आफ इंडिया

औद्योगिक संबंध विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

मुंबई-400 021, दिनांक 20 दिसम्बर 1996

क. 3(एफ)/20-12-96—यूनियन बैंक आफ इंडिया का निदेशक मण्डल, बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पढ़ा गया धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से यूनियन बैंक आफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1976 में आगे संशोधन करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—

(1) इन विनियमों को यूनियन बैंक आफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) (संशोधन) विनियम, 1996 कहा जा सकेगा।

(2) ये प्राधिकृत गजट में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. यूनियन बैंक आफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1976 के विनियम 4 में (जिसे इसके बाद मूल विनियम कहा जाएगा) सामान्य दण्ड शीर्ष के अंतर्गत खंड (डी) के बाद निम्नलिखित खंड का समावेश किया जाएगा अर्थात् :—

(ए) "(इ) संचित प्रभाव के बिना और अधिकारी के पेन्शन पर प्रतिकूल प्रभाव न डालते हुए 3 वर्ष से अनाधिक अवधि के लिए काल वेतनमान निम्नतर प्रक्रम में अवनति"।

(बी) "गंभीर स्वरूप वाले दण्ड शीर्ष के अंतर्गत खंड (इ) (एफ) (जी) और (एच) को पुन: खंड (जी) (एच), (आय) और (जे) में क्रमांकित किया जाएगा"।

(सी) पुन: क्रमांकित किए गए खंड (जी) के पहले निम्नलिखित का समावेश किया जाएगा अर्थात् :—

"(एफ) किसी विनिर्दिष्ट अवधि हेतु वेतन के काल वेतनमान निम्नतर प्रक्रम तक उक्त अवनति (इ) में प्रावधान को छोड़कर अतिरिक्त निदेश सहित कि ऐसी अवनति की अवधि के दौरान अधिकारी वेतन वृद्धि अर्जित करेगा अथवा

नहीं और क्या यह अवनति ऐसी अवधि की समाप्ति पर उसके वेतन की आगामी वेतन वृद्धियों के स्थगन का प्रभाव रखेगी या नहीं ।''

(जी) पुनः क्रमांकित किए गए खंड (जी) के एवज में निम्नलिखित को लिया जाएगा अर्थात् :—

''(जी) किसी निम्नतर श्रेणी या पद पर अवनत किया जाना ।''

3. मूल विनियम के विनियम 6 के उप विनियम (1) के खंड (इ), (एफ), (जी) और (एच) शब्द, कोष्ठक, और आंकड़ों के लिए विनियम 4 के खंड (एफ), (जी), (एच), (आय) और (जे) के शब्द, कोष्टक, एवं आंकड़ों से प्रतिस्थापित कि जा सकते हैं ।

4. मूल विनियम के विनियम 8 के उप विनियम (1) में विनियम 4 के खंड (ए) से (ओ) शब्द, कोष्टक और आंकड़ों के लिए विनियम 4 के खंड (ए) से (इ) के शब्द, कोष्टक एवं आंकड़ों से प्रतिस्थापित किए जा सकते हैं ।

5. मूल विनियम के विनियम 17 के उप विनियम के प्रथम प्रावधान में विनियम 4 के खंड (इ), (एफ), (जी) और (एच) शब्द, कोष्टक और आंकड़ों के लिए विनियम 4 के खंड (एफ), (जी), (एच), (आय) एवं (जे) के शब्द कोष्ठक, एवं आंकड़ों से प्रतिस्थापित किए जा सकते हैं ।

6. मूल विनियम के विनियम 18 के प्रथम प्रावधान में विनियम 4 के खंड (इ), (एफ), (जी) या (एच) शब्द, कोष्टक और आंकड़ों के लिए विनियम 4 के खंड (एफ), (जी), (एच), (आय) या (जे) के शब्द, कोष्टक एवं आंकड़ों से प्रतिस्थापित किए जा सकते हैं ।

नोट : यूनियन बैंक आफ इण्डिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1976 में पहले किए गए संशोधनों को गजट के धारा 4 भाग 3 में निम्नानुसार प्रकाशित किया गया था अर्थात् :—

क्रम संख्या, अधिसूचना क्र. और दिनांक
22 भाग 3 धारा 4—3-6-89

वी. वी. नाईक
उप महा प्रबंधक (कार्मिक)

दिनांक 29 जनवरी 1997

सं. यूटी/डी डी डी एम/एस पी डी-85/आर-206/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा-21 के अंतर्गत बनाए गए 'प्राइमरी इक्विटी फंड' के प्रावधानों में संशोधन, जिन्हें 18 दिसम्बर, 1996 को परिसंचरण के जरिए अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

प्राइमरी इक्विटी फंड के प्रावधानों में संशोधन

1. इस योजना में खण्ड 3 'परिभाषाएं' में मौजूद उप-खंड (झ क) 'निगमित निकाय' में सोसायटी रजिस्ट्रीकरण और (झ क) जोड़े जाते हैं :

(झ क) 'निगमित निकाय' में सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसायटी अथवा समय-समय पर प्रचलित किसी राज्य अथवा केन्द्रीय कानून के अंतर्गत स्थापित सोसायटी शामिल है; इस अभिव्यक्ति में बैंक, वित्तीय संस्थाएं और कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनियां शामिल होंगी ।

(ञ क). 'विदेशी निगमित निकाय (ओसीबी)' में विदेशी कम्पनियां, भागीदारी फर्में, समितियां और अन्य निगमित निकाय जिनका कम से कम 60% तक की सीमा का स्वामित्व प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भारत के बाहर रहने वाले भारतीय राष्ट्रीयता अथवा मूल के व्यक्तियों का हो तथा विदेशी न्यासों जिनमें कम से कम 60% लाभकारी हित अप्रतिसंहरणीय रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हो ।

2. खण्ड 5 ''यूनिटों के लिए आवेदन'' के उप-खण्ड (1) में निम्नलिखित (5), (6) एवं (7) मदें जोड़ी जाती हैं :

(5) समितियों, बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत स्थापित कम्पनियों सहित अन्य निगमित निकाय ।

(6) अनिवासी भारतीयों द्वारा कम से कम 60% की सीमा तक स्वामित्व वाली अ-निवासी कम्पनी/विदेशी निगमित निकाय ।

(7) सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी संस्थागत निवेशक (एफ आईआई) ।

3. मौजूदा खण्ड 9 ''भुगतान विधि'' में उप-खण्ड (3) एवं (4) निम्नानुसार जोड़े जाते हैं :

(3) प्रत्यावर्तन लाभों के साथ निवेश की विधि: एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार निवेशित पूंजी, उस पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहेगा ।

इन स्थितियों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है :—

(क) विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट ।

(ख) विदेशी बैंकों/विनिमय गृह द्वारा यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी किया गया ड्राफ्ट जो उनके भारतीय संपर्क कर्ता बैंकों पर आहरित हो ।

(ग) भारत स्थित बैंक में निवेशक द्वारा कायम रखे गए एनआरई खाते पर आहरित चेक द्वारा ।

(घ) एफसीएनआर जमाओं की राशि से जारी किए गए चेक/ड्राफ्ट द्वारा ।

इसके अलावा, नेपाल और भूटान की मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती है। यूनिटों में निवेश रुपये में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को उस दर पर रुपये में परिवर्तित किया जाता है जो परिवर्तन के समय प्रचलित हो।

यदि कोई कमी पड़ती है, तो उसे एनआरआई निवेशक द्वारा विप्रेषण किया जाएगा। यदि अधिशेष होगा तो उसे विनिमय की प्रभावी दर पर ऐसे विप्रेषण के लिए बैंक प्रभार की कटौती करने के बाद एनआरआई निवेशकों को वापस विप्रेषित कर दिया जाएगा। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए सलाह दी जाती है कि एनआरआई/ओसीबी निवेशक उपर्युक्त (ख) और (ग) में उल्लिखित लिखतों के द्वारा अदायगी करें।

(ङ) विदेशी संस्थागत निवेशक अपना अंशदान विदेश से प्रत्यक्ष विप्रेषण द्वारा अथवा भारत में नामांकित बैंक के साथ कायम रखे गए अपने विशेष अ-निवासी रुपए खाते से दे सकते हैं।

(4) प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश विधि :

जहां एनआरओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है तो इस प्रकार निवेश की गई निधियां और उन पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए योग्य नहीं होगी।

तथापि भा.रि. बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए.डी. (एम.ए.श्रृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होगी।

जबकि इन मामलों में यूटीआई एनआरओ खाते में जमा करने के लिए रुपयों में अदायगी करेगा निवेशकों को यह सूचना दी जाती है कि यदि वे यूनिटों पर लाभांश का प्रेषण प्राप्त करना चाहते हों तो अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें।

5. खण्ड 9 के मौजूदा उप खण्ड 5 'यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना के अंतर्गत अपेक्षा का अनुपालन करना होगा' के पहले पैराग्राफ को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

योजना में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं जैसे न्यास से आवेदन करने पर न्यास विलेख, नाबालिग की ओर से आवेदन करने पर जन्म प्रमाण-पत्र, अनिवासी भारतीय के मामलों में भारतीय रिजर्व बैंक विनियम के अनुसार आवश्यक दस्तावेज, यदि कोई हो, कम्पनियों इत्यादि के मामले में संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम जो निवेश की श्रेणी पर निर्भर करेगा, प्रस्तुत करना होगा।

6. खण्ड 9 "भुगतान विधि" के मौजूदा उप-खण्ड (3) (4) और (5) को (5), (6) और (7) के रूप में पुनः क्रमांकित किया जाएगा।

7. खण्ड 10 "नाबालिग और ट्रस्ट द्वारा आवेदन और उनका पंजीकरण" के उप-खण्ड (1) एवं (3) निम्नानुसार संशोधित किए जाते हैं :

(1) पात्र न्यास, निगमित निकाय, ओसीबी और एफआईआई यूनिट धारकों के रूप में पंजीकृत किए जा सकते हैं।

(3) पात्र न्यासों, निगमित निकायों, आदि द्वारा किए गए आवेदनों के साथ यूनिटों में निवेश करने की आवेदकों की सक्षमता दर्शाने वाले संबंधित दस्तावेज जैसे न्यास विलेख, संस्था के अंतर्नियम एवं बहिर्नियम, उप-नियम आदि, यूनिटों में निवेश का अनुमोदन करते हुए प्रबंध समिति आदि द्वारा किए गए संकल्प की अधिकृत प्रति तथा अपेक्षित अटर्नी अधिकार की एक प्रति भी लगानी पड़ेगी।

8. खण्ड 11 "यूनिटों की बिक्री और आबंटन की तिथि" का अंतिम वाक्य निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

पात्र न्यास एवं निगमित निकाय को जारी किया गया यूनिट प्रमाणपत्र ऐसे न्यास अथवा निगमित निकाय के नाम पर होगा।

9. खण्ड 29 "यूनिटधारकों द्वारा नामांकन" का उप-खण्ड (2) निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :

नाबालिग की ओर से जो माता-पिता अथवा अभिभावक यूनिटधारक हैं, उन्हें और पात्र न्यास, निगमित निकाय, विदेशी निगमित निकाय (ओसीबी) तथा विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) को नामांकन करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

मुम्बई, दिनांक 30 जनवरी 1997

सं. यूटी/डीबीडीएम/आर-207/एसपीडी-185/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 21 के अन्तर्गत बनाई गई पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1992 (मास्टरगेन 1992) के प्रावधान, जिन्हें कार्यकारिणी समिति द्वारा 16 अप्रैल, 1992 को आयोजित बैठक में अनुमोदित तथा कार्यकारिणी समिति की क्रमशः 9 नवम्बर 1992, 22 दिसम्बर 1993, 31 जनवरी 1994, 19 दिसम्बर 1994, 6 मार्च 1995 और 18 जुलाई 1996 की बैठकों में संशोधित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किये जाते हैं।

ए. जी. जोशी

महाप्रबन्धक

व्यवसाय विकास एवं विपणन

पूंजी वृद्धि यूनिट योजना-1992 (मास्टरगेन-1992)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यूनिट ट्रस्ट का बोर्ड इसके द्वारा निम्नलिखित यूनिट योजना बनाता है :

1 विशिष्टताएं

* सतत खुली वृद्धि योजना।
* बालिग/नाबालिग निवासी और अनिवासी व्यक्तियों/अविभक्त हिन्दू परिवारों/न्यासों/निगमित निकायों (कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत कम्पनियों और बैंकों सहित)/विदेशी निगमित निकायों (ओसीबी)/विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए खुली।
* शुद्ध आस्ति मूल्य पर आधारित कीमत पर पुनर्खरीद।
* प्रमुख शेयर बाजारों में सूचीकरण के जरिए चलनी-करण।

जोखिम के तत्व

* योजना के यूनिटों में निवेश पर बाजार का जोखिम होता है और योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) को ऊपर या नीचे जाना योजना के पोर्टफोलियो को प्रभावित करने वाली बाजार की शक्तियों पर निर्भर करता है ।

* ट्रस्ट की पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है । इस योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है ।

* पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1992 केवल योजना का नाम है और यह किसी भी प्रकार से योजना की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है । निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि वे इस योजना में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें ।]

योजना की विस्तृत विशेषताएं नीचे दी गई हैं :

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ :

(1) यह योजना पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1992 (मास्टर-गेन-92) कही जाएगी ।

(2) यह योजना 20 अप्रैल, 1992 से लागू होगी ।

(3) यूनिटों की बिक्री 20 अप्रैल, 1992 से 18 मई, 1992 तक होगी ।

[1][योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री 1 जनवरी, 1997 से संपूर्ण वर्षभर कही-बन्दी की अवधि, जो लेखा वर्ष में 45 दिनों से अधिक नहीं होगी, को छोड़कर, खुली रखी जाएगी ।]

लेकिन अध्यक्ष या कार्यपालक न्यासी योजना के आरम्भ होने के पश्चात् किसी भी समय योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री, प्रमुख अखबारों में या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित किसी अन्य रीति से 7 दिन की पूर्व सूचना देकर, स्थगित 2 [ ] कर सकते हैं ।

2. उद्देश्य :

इस योजना का मुख्य उद्देश्य यूनिटधारकों को उनके द्वारा यूनिटों में किए गए निवेश पर अच्छी वृद्धि वाली संभावित कम्पनियों के इक्विटी शेयरों और परिवर्तनीय एवं अपरिवर्तनीय बान्डों/डिबेंचरों एवं मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश करके पूंजी वृद्धि करना है ।

3. परिभाषाएं :

इस योजना में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित नहीं हो—

(क) 'अधिनियम' का अर्थ है भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963

(ख) 'आवेदक' का अर्थ वह व्यक्ति है, जिसने योजना के अन्तर्गत यूनिटों के लिए आवेदन किया हो और इसके आगे खंड 5 में अधिक विस्तृत रूप से वर्णित व्यक्तियों की सभी श्रेणियां शामिल हैं ।

(ग) 'स्वीकृति तिथि' अथवा ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को दिए गए आवेदन के संदर्भ में स्वीकृति तिथि का अर्थ उस तिथि से है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है ।

(घ) 'निगमित निकाय' में समिति पंजीकरण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत पंजीकृत समिति, अथवा किसी राज्य या प्रचलित केन्द्रीय कानून के अन्तर्गत स्थापित ऐसी समिति, जो इसके आगे 'समिति' से संदर्भित हो । इस अभिव्यक्ति में कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत कम्पनियां और बैंक शामिल होंगे ।

(ङ) 'आबंटन' की तिथि 1[स्वीकृत तिथि] होगी ।

(च) 'पात्र न्यास' का अर्थ विनियमों के विनियम 2 के खंड (एएए) के अन्तर्गत जो दिया गया है, वही होगा ।

(छ) 'सूचीबद्ध' का अर्थ शेयर बाजार में जो प्रतिभूति संविदा (विनियम) अधिनियम 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत उस समय मान्यताप्राप्त हो, में व्यापार के प्रयोजनार्थ यूनिटों के सूचीबद्ध होने से है ।

(ज) 'अवरुद्ध अवधि' का अर्थ है योजना के अन्तर्गत यूनिटों के आबंटन की तिथि से तीन वर्षों की अवधि, जिसके बाद ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद शुरू की जाएगी ।

2[(जक) 'अनिवासी भारतीय (एनआरआई)' का तात्पर्य भारतीय राष्ट्रीयता/मूल के अनिवासियों से है । जैसा कि मूलतः अधिनियमित भारत सरकार अधिनियम, 1935 में परिभाषित है, किसी भी व्यक्ति को "भारतीय मूल का व्यक्ति" माना जाएगा यदि वह या उसके माता-पिता या पितामह-पितामही में से कोई भी, श्रेणी अथवा पूर्वज के रूप में कितना ही बड़ा क्यों न हो, चाहे पित् पक्ष या मातृ पक्ष से हो, भारत में जन्मा हो/जन्मी हो ।]

(झ) 'निगमित यूनिटों की संख्या' का अर्थ बिक्री किए गए और बकाया यूनिटों की समग्र संख्या से है ।

2[(झक) 'विदेशी निगमित निकाय (ओसीबी)' सहित विदेशी कम्पनियां, भागीदारी फर्में, समितियां और अन्य निगमित निकाय जिनका कम से कम 60% तक की सीमा का स्वामित्व प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भारत के बाहर रहने वाले भारतीय राष्ट्रीयता अथवा मूल के व्यक्तियों का हो तथा विदेशी ट्रस्ट जिनमें कम से कम 60% लाभप्रद हित अप्रतिसंहरणीय रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हों ।]

(ञ) 'विनियमावली' का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत निर्मित भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 से है ।

(ट) 'मान्यताप्राप्त शेयर बाजार' का अर्थ है ऐसा शेयर बाजार जिसे प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत तत्समय मान्यताप्राप्त हो ।

1. 18-7-96 को जोड़ा गया ।

2. "या विस्तारित" 18-7-96 को हटाया गया ।

1. '1-8-1992' के लिए 18-07-96 को प्रतिस्थापित ।

2. 18-07-96 को जोड़ा गया ।

(ठ) 'योजना' का अर्थ समय-समय पर यथा संशोधित पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1992 से है ।

[1][(ठक) 'सेबी' का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड जिसे भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत स्थापित किया गया ।]

(ड) 'व्यापार' का अर्थ किसी भी शेयर बाजार के माध्यम से यूनिटों की खरीद या बिक्री के रूप में किये जाने वाले लेन देन से है ।

(ढ) 'यूनिट' का अर्थ इस योजना की यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य के एक अविभक्त शेयर से है ।

(ण) अन्य सभी अभिव्यक्तियां, जो यहां परिभाषित नहीं हैं, किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, उनके वही अर्थ होंगे जो अधिनियम के अन्तर्गत उन्हें दिये गये हैं ।

4. अंकित मूल्य प्रति यूनिट

प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा ।

5. यूनिटों के लिए आवेदन

(1) निम्नलिखित श्रेणियों के व्यक्तियों द्वारा यूनिटों के लिए आवेदन किए जा सकते हैं :—

(1) एक व्यक्ति अथवा कई व्यक्ति (3 से अधिक नहीं) जिनमें से कोई नाबालिग न हो; [2][किसी भी खंड में कुछ भी अंतर्विष्ट होने के बावजूद, योजना के अंतर्गत यूनिटों के अंतरण की स्थिति में, या तो उन शेयर बाजारों के जरिए जहां योजना सूचीबद्ध है या अन्यथा, योजना के अंतर्गत (अंतरितियों) को कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर यूनिटों को धारण करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी और कथित अंतरितियों द्वारा इस सुविधा हेतु किए गए अनुरोध पर ट्रस्ट द्वारा किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।]

(2) इसके ऊपर यथा परिभाषित निगमित निकाय;

(3) [3][ ]

(4) पात्र न्यास विनियमों में दी गई परिभाषा के अनुसार और विनियमों में दी गई सीमा तक;

[4][(5) हिन्दू अविभक्त परिवार] और

[5][(6) अनिवासी व्यक्ति, एचयूएफ और ओसीबी-प्रत्यावर्तनीय और अप्रत्यावर्तनीय आधार पर । अनिवासी प्रत्यावर्तनीय आधार पर निवेश कर सकते हैं, बशर्ते निवेशण विदेशी मुद्रा में या तो एफसीएनआर खाते से अथवा एनआरई खाते से या सीधे किया गया हो ।

(7) सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी संस्थागत निवेशक जिन्हें विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम 1973 के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमोदन प्राप्त हो ।]

(2) आवेदन नाबालिग और अन्य व्यक्ति की ओर से संयुक्त रूप से नहीं किया जाएगा ।

(3) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित फार्म में ही किया जाएगा ।

(4) आवेदन न्यूनतम 200 यूनिटों के लिए और उसके आगे 100 यूनिटों के गुणकों में किया जाएगा ।

(5) [6][ ]

(6) (क) आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन के साथ नकद, चैक, ड्राफ्ट के जरिए किया जाएगा । चैक एवं ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखाओं पर आहरित होने चाहिए जिस शहर के कार्यालय में आवेदन पत्र जमा किया जाता है । तथापि, अगर आवेदक उस स्थान से यूनिटों के लिए आवेदन करना चाहता है, जहां ट्रस्ट का कार्यालय नहीं है, तो वह ट्रस्ट के नजदीक कार्यालय को आवंटित यूनिटों के लिए बैंक ड्राफ्ट के साथ जिसमें से बैंक ड्राफ्ट के लिए देय प्रभार घटाया गया हो, आवेदन कर सकता है ।

(ख) यदि भुगतान चैक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाता है तो स्वीकृति तिथि, उस चैक या ड्राफ्ट के नकदीकरण के अधीन, वह तिथि होगी जिस तिथि को चैक अथवा ड्राफ्ट, जो भी मामला हो, ट्रस्ट द्वारा अथवा प्राधिकृत बैंक की नामित शाखा द्वारा अथवा प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा प्राप्त किया गया हो । यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाता है तो स्वीकृति तिथि, उस ड्राफ्ट की वसूली के अधीन, ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी । बशर्ते ट्रस्ट द्वारा अथवा प्राधिकृत बैंक की नामित शाखा अथवा, प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा [7][ड्राफ्ट के जारी होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर आवेदन प्राप्त किया गया हो] । यदि आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान के रूप में भेजी गई राशि, आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि और देय अन्य प्रभार वसूल करने हेतु, कम पड़ जाए तो उसके द्वारा आवेदित यूनिटों के आसपास 100 यूनिटों के गुणकों में यूनिटें जारी की जाएंगी और शेष राशि यदि कोई उसको देय हो, तो उसे ट्रस्ट जैसा उचित समझे, उस रीति से, उसके खर्च पर वापस कर दी जाएगी ।

(ग) यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा पावती के साथ अथवा पावती रहित आवेदक द्वारा दिए गए पते पर भेज दिया जाएगा; और इसी तरह भेजे गए यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलीवरी अथवा डिलीवरी न हो जाने के लिए ट्रस्ट जिम्मेवार नहीं होगा ।

---

1. 18-07-96 को जोड़ा गया ।
2. 09-08-93 को जोड़ा गया ।
3. 'नाबालिग की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य वैध अभिभावक' को 18-07-96 को निकाल दिया गया जो 01-01-97 से प्रभावी होगा ।
4. 03-03-93 को जोड़ा गया ।
5. 18-07-96 को जोड़ा गया ।
6. 'प्रत्येक आवेदक को 5000 तक मास्टरगेन यूनिट (रु. 50,000/-) आवंटित किए जाएंगे और उसके बाद आवंटन ट्रस्ट के विवेकाधीन होगा जो समग्र अभिदान को ध्यान में रखकर किया जाएगा' को 18-07-96 को निकाल दिया गया ।
7. 'ऐसी अवधि जिसे ट्रस्ट द्वारा उचित समझा जाए' के लिए 18-07-96 को प्रतिस्थापित किया गया ।

(घ) ट्रस्ट द्वारा, किसी पात्र न्यास, अथवा संस्था निगमित निकाय को जारी किया गया यूनिट प्रमाण पत्र उस न्यास अथवा संस्था अथवा निगमित निकाय के नाम पर किया जाएगा ।

7. निगमित निकायों/समितियों/पात्र संस्थाओं /न्यासों और नाबालिगों द्वारा आवेदन एवं पंजीकरण :

(1) पात्र न्यासों, निगमित निकायों और समितियों को यूनिटधारकों के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है ।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ग) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है । अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा । ट्रस्ट आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किये गये कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाणपत्र के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा ।

(3) पात्र न्यास, समितियां अथवा अन्य निगमित निकायों द्वारा किए गए आवेदनों के साथ, यूनिटों में निवेश करने की आवेदक की क्षमता दिखाने वाले संबंधित दस्तावेजों, जैसे अंतर्नियम और बहिर्नियम, न्यास विलेख, उप-विधियां आदि, प्रबंध निकाय द्वारा पारित किए गए संकल्प की प्राधिकृत प्रति और अपेक्षित अटर्नी अधिकार की प्रति भी साथ में पेश करनी होगी ।

[1][7क. खर्चों पर सीमा :

आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% से अधिक नहीं होगा । अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	1.00
कमीशन भुगतान	1.25
अभिरक्षण शुल्क	0.25
विकास प्रारक्षित निधि	0.10
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.30
योग	3.00

उपर्युक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों के साथ परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं । फिर भी, सेबी (म्यूच्युअल फंड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 3% की सीमा के भीतर ही होगा । इसके अलावा, प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान तथा कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान योजना के साप्ताहिक औसत एनएवी के 1.25% से अधिक नहीं होगा ।

शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां विनियमों/सेबी द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार परिवर्तन के अधीन होंगी ।]

8. यूनिटों की बिक्री :

ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी । ऐसी बिक्री संविदा के पूर्ण होने पर, ट्रस्ट अथवा उसका एजेंट, जो भी मामला हो, इसके आगे [2][जितनी जल्दी संभव हो], उसके लिए आवेदक को एक पावती भेज देगा । [3][आवेदन पत्र की स्वीकृति तिथि से छः सप्ताह के भीतर], ट्रस्ट, आवेदक को 100 यूनिटों के विपणन योग्य लाट में अधिकतम [3][20] प्रमाणपत्र जारी करेगा और इससे अधिक निवेश के लिए एक समेकित प्रमाणपत्र जो उसको बिक्री किए गए शेष यूनिटों को दर्शाएगा, जारी करेगा । यह समेकित प्रमाणपत्र यूनिटधारक के अनुरोध पर, एक बार मुफ्त में विभाजित किया जाएगा ।

[4][तथापि, यूनिटधारक से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर ट्रस्ट, अपने विवेक के अनुसार और अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूर्ण होने पर, इस प्रकार जारी किए गए प्रमाणपत्रों को प्रत्येक 10,000 यूनिटों के मूल्य-वर्ग के विपणन योग्य लाट में समेकित करेगा । शेष यूनिटें प्रत्येक 100 यूनिटों के लाट में जारी की जाएंगी । 10,000 यूनिटों के मूल्य-वर्ग में जारी किए गए यूनिट प्रमाणपत्र, यूनिटधारक के अनुरोध पर 100 यूनिटों के गुणकों में, एक बार मुफ्त में विभाजित किए जाएंगे । जम्बो सर्टिफिकेट में समाविष्ट यूनिटों को पुनर्खरीद/अंतरण/प्रेषण/पुनः क्रय करने हेतु ट्रस्ट/यूनिटधारक यथा अपेक्षित प्रक्रियात्मक/परिचालनगत औपचारिकताओं का अनुपालन करेंगे ।]

[5][8क स्विच ओवर विकल्प :

इसके प्रावधानों में कुछ भी अंतर्विष्ट होने के बावजूद, ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार योजना की वैधता-अवधि के दौरान/योजना की समाप्ति पर [6][ ] इस योजना के यूनिटधारकों तत्समय आरम्भ की गई अथवा परिचालन में रहनेवाली किसी अन्य योजना/प्लान में ट्रस्ट द्वारा निर्णित और घोषित मूल्य (मूल्यों) पर, विधि एवं रीति में तथा निबंधन एवं शर्तों के अधीन स्विचओवर की अनुमति देगा ।]

[7][8ख निवेश उद्देश्य :

योजना के अंतर्गत संगृहीत निधियां, सभी आरम्भिक निर्गम व्ययों के लिए प्रावधान करने के बाद, सामान्यतः योजना के उद्देश्य के अनुरूप निम्न प्रकार से निवेश की जाएंगी :

(1) योजना की कम से कम 80% निधि का इक्विटी और इक्विटी सम्बद्ध लिखतों में निवेश किया जाएगा । इक्विटी निवेशों में जोखिम मध्यम से उच्च होगा ।

(2) योजना की निधियों का 20% तक ऋण एवं मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश किया जाएगा । निवेश में जोखिम न्यून से मध्यम होगा ।

1. 18-07-96 को जोड़ा गया ।
2. 'उसके बाद जितनी जल्दी संभव हो' के लिए दिनांक 18-07-96 को प्रतिस्थापित ।
3. "10" के लिए 19-12-94 को प्रतिस्थापित ।
4. 19-12-94 को जोड़ा गया ।
5. 6-3-95 को जोड़ा गया ।
6. 'योजना के विस्तार के मामले में' 18-7-96 को निकाल दिया गया ।
7. 18-07-96 को जोड़ा गया ।

उपरोक्त के बावजूद मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश इस पारे में सेबी के दिशानिर्देशों के अनुरूप होगा ।]

9. [1][शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का अभिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा । प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग देकर किया जाएगा। प्रत्येक सप्ताह एनएवी को (पूर्ववर्ती आधार पर) समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा ।]

[2][इन प्रावधानों में किसी भी बात के अंतर्विष्ट होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, एनएवी का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशानिर्देशों/निदेशों के अनुसरण में होगा ।]

10. यूनिटों का कारोबार :

(क) [3][यूनिटों को मुम्बई, नई दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास, बंगलौर, अहमदाबाद, हैदराबाद, कानपुर और जयपुर के शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किया गया है ।] ट्रस्ट सप्ताह में एक बार शुद्ध आस्ति मूल्य घोषित करेगा और कोट करने के प्रयोजनार्थ सभी शेयर बाजारों को मूल्य की सूचना देगा ।

(ख) यदि कोई यूनिट धारक अपने यूनिटों का तरलीकरण करना चाहता है तो वह किसी भी शेयर बाजार के माध्यम से यूनिटों का कारोबार कर सकता है ।

(ग) ट्रस्ट प्रत्यक्ष रूप से या किसी भी तरह से मूल्य या मूल्यों का, जिन पर बाजार के माध्यम से यूनिट का क्रय या विक्रय किया जा सकता है, उल्लेख नहीं करेगा । फिर भी अंतिम मूल्यों, जिन पर शेयर बाजार में यूनिटों का क्रय या विक्रय किया गया, का प्रकाशन प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में किया जाएगा । तथापि, ट्रस्ट यूनिटों को शेयर बाजारों की सूची से हटाने का अधिकार अपने पास रखता है, यदि यूनिटधारकों या ट्रस्ट के हित में ऐसा करना आवश्यक हो ।

(घ) यूनिटों के क्रेता को बाजार के माध्यम से स्वयं या किसी मान्यताप्राप्त दलाल के द्वारा अंतरण विलेख और संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट के रजिस्ट्रार के पास यथास्थित पाए जाने पर अंतरण के लिए प्रस्तुत करना चाहिए ।

(ङ) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय द्वारा अंतरण हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा और ट्रस्ट किसी भी प्रयोजन के लिए यूनिटधारकों से व्यवहार नहीं करेगा ।

(च) किसी भी मूल्य पर बाजार के माध्यम से यूनिटों का क्रय या विक्रय यूनिटधारक या भावी यूनिटधारक की जोखिम पर होगा । फिर भी, यूनिट के अंतरण पर देय स्टाम्प शुल्क के निर्धारण के प्रयोजनार्थ अंतरण तिथि से पूर्व तिथि को प्रचलित उच्च और निम्न मूल्य का औसत प्रभार का आधार होगा ।

[4]10(क) यूनिटों की पुनः खरीद :

योजना के प्रावधानों में कुछ भी प्रतिकूल अंतर्विष्ट होने के बावजूद :

(क) जब कभी यूनिटों के भाव में उनके एनएवी से 10% या अधिक की कमी होती है तो ट्रस्ट योजना के अंतर्गत बाजार से प्रचलित मूल्य पर यूनिट खरीद सकता है।

(ख) ट्रस्ट किसी एक वित्तीय वर्ष में योजना के अंतर्गत जारी यूनिट पूंजी का 25% तक समग्र सीमा के रूप में पुनः खरीद कर सकता है । जो यूनिट पुनः खरीदे जाएंगे उनका प्रतिदान किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण

(1) "बाजार" का तात्पर्य ऐसे मान्यताप्राप्त शेयर बाजार से है जिस पर इस योजना के अंतर्गत यूनिट सूचीबद्ध किए गए हैं ।

(2) "प्रचलित मूल्य" का तात्पर्य मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों में उस समय यूनिटों के बाजार मूल्य से है जब वे ट्रस्ट द्वारा पुनःखरीदे गए हों ।]

---

1. "शुद्ध आस्ति मूल्य का प्रकाशन :

(क) योजना का शुद्ध आस्ति मूल्य सप्ताह में एक बार मुम्बई में उक्त समग्र मूल्य में से कल्पित योजना की देयताओं और आनुषांगिक आधार पर अन्य खर्चों, जो इस योजना की राय में निवेश वसूली पर देय स्टाम्प शुल्क, कर और अन्य खर्चों को परा करने के लिए पर्याप्त हों, को घटाकर निकाला जाएगा और भारत के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा । उसी समय उक्त मूल्य की सूचना भारत के सभी शेयर बाजारों को भी उपयुक्त रीति से दी जाएगी । इस प्रकार प्रकाशित मूल्यांकन मूल्य के अगले प्रकाशन तक वैध रहेगा ।

(ख) यदि आकस्मिक परिस्थितियों में मूल्यांकन का प्रकाशन एक या उससे अधिक सप्ताह तक नहीं किया जाता तो यह नहीं समझा जाएगा ट्रस्ट ने इसके किसी प्रावधान का उल्लंघन किया है ।

(ग) वास्तविक निवेश के प्रयोजनार्थ शेयर बाजारों में यूनिट का कारोबार इच्छुक क्रेताओं और विक्रेताओं के बीच किया जाएगा । ऐसे कारोबार पर योजना का कोई नियंत्रण नहीं होगा ।" के लिए 18-7-96 को प्रतिस्थापित किया गया ।

2. 18-7-96 को जोड़ा गया ।

3. 'यूनिट सभी अथवा कुछ शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किए जाएंगे, के लिए 18-7-96 को प्रतिस्थापित ।

4. 22-12-93 को जोड़ा गया ।

11. यूनिटों की पुनर्खरीद :

[1][(क) यूनिटधारक को अपने यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए पेश करने की कोई बाध्यता नहीं होगी और वह योजना के चालू रहने के दौरान जब तक चाहे यूनिट को धारित करने के लिए स्वतंत्र होगा ।

(ख) पुनर्खरीद, यूनिट प्रमाणपत्र के साथ उसके पिछले पृष्ठ पर दिए फार्म के प्राप्त होने पर, जिसमें पुनर्खरीद तिथि को प्रमाणपत्र में समाविष्ट सभी यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए लिखा होगा, प्रभावी होगी । यूनिट ट्रस्ट निर्धारित फार्म में यूनिट-धारक (धारकों) से पुनर्खरीद हेतु ऐसा अनुरोध प्राप्त होने पर जो सभी यूनिटधारक (धारकों) द्वारा हस्ताक्षरित हो, प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट सभी यूनिटों की पुनर्खरीद भी करेगा । यूनिट प्रमाणपत्र और फार्म, यदि हो, तो उसे यूनिट ट्रस्ट द्वारा निरस्त करने के लिए रख लिया जाएगा ।

(ग) पुनर्खरीद की संविदा स्वीकृति तिथि को निष्पादित हुई मानी जाएगी ।

(घ) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद की गई यूनिटों का भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र ऐसी रीति से किया जाएगा, जिसका उल्लेख आवेदक द्वारा आवेदन में किया गया था । किसी भी कारण से ब्याज की कोई राशि आवेदक को देय नहीं होगी तथा ट्रस्ट प्रेषण खर्च (डाक-व्यय सहित) या ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चेक या ड्राफ्ट की वसूली का व्यय-भार भी आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा ।]

12. यूनिट की बिक्री और पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

इस योजना के किन्हीं अन्य उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए, ट्रस्ट यूनिट की बिक्री या पुनर्खरीद करने के लिए बाध्य नहीं होगा :—

(1) किसी कार्यालय दिवस को;

(2) उक्त अवधि (ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) जब बहियों और लेखों की वार्षिक बन्दी के कारण यूनिटधारकों की पंजी बन्द रहती है; और

(3) ट्रस्ट द्वारा अधिसूचित इस योजना की समाप्ति-तिथि के बाद ।

स्पष्टीकरण :

इस योजना के प्रयोजनार्थ "कार्य-दिवस" का अभिप्राय उस दिन से है, जो न तो:—

(1) महाराष्ट्र राज्य में या किसी अन्य राज्य में जहां ट्रस्ट के कार्यालय हैं, परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अधीन सार्वजनिक छुट्टी के रूप में अधिसूचित हो और, न ही

(2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिन के रूप में अधिसूचित हो कि उस दिन ट्रस्ट का प्रधान कार्यालय बन्द रहेगा ।

13. आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति का ट्रस्ट का अधिकार :

ट्रस्ट को योजना के अंतर्गत यूनिट निर्गम संबंधी आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा । योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा संबंधी ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा ।

14. यूनिट जारी होने के पूर्व योजना के अंतर्गत आवेदक द्वारा पूरी की जानेवाली अपेक्षाएं :

योजना के अंतर्गत यूनिट के लिए आवेदन करनेवाले व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए अपनी योग्यता के संबंध में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी । गलत घोषणा देकर यूनिटधारक व्यक्ति यूनिट प्रमाण-पत्र निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम यूनिटधारक की पंजी से काट दिया जाएगा । ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में सम्मूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करे । इस राशि पर किसी भी दर से ब्याज नहीं दिया जाएगा, चाहे ट्रस्ट को पुनर्खरीद करने में और आवेदक को पुनर्खरीद आगम भेजने में कितना भी समय क्यों न लग जाए ।

---

1. "तथापि, आवंटन तिथि से (1-8-95 से) 4थे, 5वें, 6वें और 7वें वर्ष के दौरान जब यूनिटों का शेयर बाजारों में सूचीबद्ध रहना जारी रहेगा, ट्रस्ट यूनिट धारकों से प्रचलित पुनर्खरीद मूल्य पर 'पहले आओ, पहले पाओ' आधार पर यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए तैयार रहेगा । इसके लिए ऐसी अवधि अवधियां जिसके दौरान वह यूनिटों की पुनर्खरीद हेतु यूनिट पेश करता है समग्र रूप से एक साल में 60 दिनों से अधिक नहीं होनी चाहिए । बशर्ते ट्रस्ट पुनर्खरीद हेतु आफर की कथित अवधि/अवधियों के दौरान योजना की मूल निर्गमित पूंजी के 25% की सीमा तक यूनिटों की पुनर्खरीद करने के लिए स्वतंत्र रहेगा । इस प्रकार से प्रभावी पुनर्खरीद निम्नलिखित प्रावधानों के अधीन होगी :—

(क) अवरुद्ध अवधि के बाद फार्म के साथ यूनिट प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर जिसके पिछले पृष्ठ पर पुनर्खरीद तिथि को प्रमाणपत्र में समाविष्ट सभी यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए उल्लेख किया होगा, पुनर्खरीद की जाएगी । प्रमाणपत्र ट्रस्ट द्वारा निरसन के लिए रखा जाएगा ।

(ख) पुनर्खरीद की संविदा स्वीकृति तिथि को निष्पादित मानी जाएगी ।

(ग) जहां यूनिटधारक से यूनिटों की पुनर्खरीद हेतु आवेदन ट्रस्ट द्वारा स्वीकृत किया जाता है, ट्रस्ट इसके बाद जितना जल्दी संभव हो, आवेदक को उसके लिए पावती का प्रेषण करेगा ।

(घ) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद की गई यूनिटों का भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र ऐसी रीति से किया जाएगा, जिसका उल्लेख आवेदक द्वारा आवेदन में किया गया हो । किसी भी कारण से ब्याज की कोई राशि आवेदक को देय नहीं होगी तथा ट्रस्ट प्रेषण खर्च या ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चेक या ड्राफ्ट की वसूली का व्यय-भार भी आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा ।

2 [इसमें समाविष्ट किसी भी प्रावधानों के बावजूद, ट्रस्ट अपने विवेक पर ऐसी अतिरिक्त अवधि के दौरान, उस कीमत पर और उस निबंधन एवं शर्तों के अधीन और उसी प्रकार और पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निर्णय लिया गया हो और घोषणा की गई हो, यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा ।"] के लिए 18-07-96 को प्रतिस्थापित किया गया ।

2. 06-03-1995 को जोड़ा गया ।

15. [बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य :

(1) यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य (जिसे इसमें इसके बाद "बिक्री मूल्य" कहा जाएगा) पर यूनिटों की बिक्री की जाएगी और यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य (जिसे इसमें इसके बाद "पुनर्खरीद मूल्य" कहा जाएगा) पर यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी, उन्हें साप्ताहिक आधार पर घोषित किया जाएगा । बिक्री मूल्य, एनएवी (पूर्ववर्ती) होगा । पुनर्खरीद मूल्य एनएवी (पूर्ववर्ती) के 5% बट्टे पर होगा ।

(2) जिस दिन बिक्री मूल्य, या पुनर्खरीद मूल्य, जैसी भी स्थिति हो, निकाला जाता है, उस दिन यूनिट ट्रस्ट के पास उपलब्ध सामग्री के आधार पर बिक्री मूल्य या पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा ।

बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य तथा उनके बीच के अंतर की गणना इस संबंध में सेबी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुसार की जाएगी ।

16. बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

यूनिट ट्रस्ट बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद यथाशीघ्र उन्हें समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी करेगा ।]

[2][(1क) ट्रस्ट यूनिटों की आबंटन तिथि से एक वर्ष बाद और उसके आगे अर्धवार्षिक आधार पर पुनर्खरीद मूल्य घोषित करेगा ।]

[3][(1ख) यूनिटों की आबंटन तिथि से तीन वर्ष की अवधि के बाद यूनिटों की पुनर्खरीद शुरू होगी और ट्रस्ट प्रत्येक महीने की पहली तारीख को अथवा प्रायः जैसा आवश्यक हो, पुनर्खरीद मूल्य घोषित करेगा ।]

(2) जिस दिन पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण किया जाता है, उसके पूर्ववर्ती कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति के समय (जिसका निर्धारण इसमें इसके बाद किया जाएगा) इस योजना से संबंधित आस्तियों के मूल्य में उक्त कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति के समय प्रारक्षित निधि, यदि हो, सहित यूनिट पूंजी से संबंधित देयताओं को घटाकर तथा उस दिन कारोबार की समाप्ति के समय निर्गत यूनिटों की संख्या से भाग देकर तथा उसमें से उतनी राशि घटाकर, जो ट्रस्ट की राय में दलाली, कमीशन, कर, यदि हो, स्टाम्प शुल्क तथा ट्रस्ट द्वारा निवेशों की वसूली से संबंधित अन्य खर्चों के लिए पर्याप्त हो, पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा ।

[4][तथापि, यदि ट्रस्ट संतुष्ट हो कि यह ट्रस्ट एवं यूनिटधारकों के हित में है, तो ट्रस्ट पुनर्खरीद मूल्य जिसे निकालने का तरीका ऊपर विस्तृत रूप से बताया गया है, उस सीमा तक परिवर्तित कर सकता है, जैसा ट्रस्ट उचित समझे ।]

(3) जिस दिन पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाता है, उस दिन ट्रस्ट के पास उपलब्ध सामग्री के आधार पर यूनिट का पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा ।

[5][(4) इसमें इसके ऊपर अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के बावजूद, यदि ट्रस्ट संतुष्ट हो कि यह ट्रस्ट और यूनिटधारकों के हित में है, तो उक्त वर्णित रीति से निकाले गये पुनर्खरीद मूल्य में, जिसे निकालने का तरीका ऊपर विस्तृत रूप से बताया गया है, उस सीमा तक परिवर्तित कर सकता है, यथास्थिति, युद्ध, विप्लव, नागरिक अशांति या किसी अन्य गंभीर या निरंतर राजनैतिक और औद्योगिक अशांति या कुछ अनर्थकारी घटनाओं या तात्कालिक घटनाओं के कारण शेयर बाजार मूल्यों के वर्तमान आधार में मौलिक परिवर्तन हो जाने के कारण वित्तीय बाजार में व्यवसाय के पूर्णतः ठप्प हो जाने या अस्त व्यस्त हो जाने की दशा में उस सीमा तक, जहां तक इसे सही समझा जाए, बिक्री या पुनर्खरीद मूल्य या दोनों में परिवर्तन हो सकता है ।

16. "पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन : ट्रस्ट पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद यथाशीघ्र यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य ऐसी रीति से प्रकाशित करेगा, जिसे वह उचित समझे ।" के लिए 18-07-96 को प्रतिस्थापित किया गया ।

17. योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

[1][अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उधृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से दो माह पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल की उपलब्ध दर पर किया जाता है । यदि मूल्यांकन की तारीख से दो माह पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोधृत निवेश माना जाता है ।

1. "(1) खंड 12 के उप-खंड (2) और (4) के अंतर्गत आस्तियों के मूल्यांकन के प्रयोजनों हेतु, आस्तियों को : (क) नकदी (ख) निवेश और (ग) अन्य आस्तियों में वर्गीकृत किया जाएगा ।

(2) निवेशों के मूल्यांकन में निम्नलिखित लिए जाएंगे :

अ. (क) जिस कार्य दिवस को मूल्यांकन किया जाएगा उस कार्य दिवस को ट्रस्ट द्वारा धारित इस योजना से संबंधित प्रतिभूतियों का शेयर बाजार में बंद मूल्य, के लिए जहां प्रतिभूति का भाव एक से अधिक शेयर बाजारों में कोट हो रहा हो, वहां ऐसी प्रतिभूति के मूल्य निर्धारण की विधि ट्रस्ट द्वारा तय की जाएगी ।

(ख) जहां संबंधित अवधि में किसी भी मान्यताप्राप्त शेयर बाजार में किसी निवेश का सौदा नहीं हुआ हो या भाव उधृत नहीं किया गया हो, ऐसी परिस्थितियों में ट्रस्ट ऐसे निवेश का जो भी मूल्य तय करेगा, वही उचित मूल्य होगा; और

आ. निम्नलिखित जोड़े जाएंगे :

(क) ब्याज अर्जित करने वाले जमा राशियों के मामले में प्रोद्भूत लेकिन अप्राप्त ब्याज;

(ख) सरकारी प्रतिभूतियों और डिबेंचरों के मामले में प्रोद्भूत लेकिन अप्राप्त ब्याज, और

(ग) लाभांश रहित भावदार अधिमान शेयर और इक्विटी शेयरों के मामले में घोषित लेकिन अप्राप्त लाभांश ।

3. अन्य आस्तियों का मूल्यांकन उनके अंकित मूल्य पर किया जाएगा ।" के लिए 18-07-96 को प्रतिस्थापित किया गया ।

---

1. पुनर्खरीद मूल्य : (1) "जिस मूल्य पर ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी उसे इसमें इसके बाद "पुनर्खरीद मूल्य" कहा जाएगा", के लिए प्रतिस्थापित ।

2. 09-11-92 को जोड़ा गया ।

3. 06-03-95 को जोड़ा गया ।

(2) उधृत डिबेंचरों और बाण्डों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्व, यदि हो, के लिए समायोजित किया जाता है ।

(3) अनोधृत इक्विटी और अधिमान शेयर, जिनमें अवरुद्ध अवधि वाले शेयर शामिल हैं, को लागत पर लिया जाता है ।

(4) अनोधृत डिबेंचर, बाण्ड और अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) के आधार पर जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, मूल्यांकित किए जाते हैं ।

(5) अनोधृत वारंट, पड़े हुए शेयरों को ब्याज दर पर लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टा काटकर तथा देय प्रायोगिक मूल्य को कम करके, लिए जाते हैं । जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है ।

(6) परिवर्तनीय डिबेंचर और बाण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हों, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन, संबंधित इक्विटी शेयरों, जिनमें लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टा काटा गया हो, पर किया जाता है । ऐसे डिबेंचरों एवं बाण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि हो, का मूल्यांकन उपरोक्त (4) के अनुसार किया जाता है । जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है ।

(7) मुद्रा बाजार लिखतों को बही मूल्य पर लिया जाता है ।

(8) सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, प्रचलित ब्याज दरों पर आधारित, परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) आधार पर किया जाता है ।

(9) उपरोक्त पैरा (1) से (8) तक के अनुसार यथासंगणित निवेशों के सकल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की सकल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि हो, को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है । इन प्रावधानों में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, आस्तियों का मूल्यांकन, एनएवी का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उसके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशानिर्देशों/निदेशों के अनुसरण में होगा ।]

18. यूनिट प्रमाणपत्र का फार्म :

[1][यूनिट प्रमाणपत्र इसके साथ संलग्न फार्म 'ए' के अनुसार 100 यूनिटों के विपणन योग्य लाट में जारी किए जाएंगे और 10,000 यूनिटों के मूल्य-वर्ग में जारी किए जाने वाले यूनिट प्रमाणपत्र इसके साथ संलग्न फार्म 'बी' के अनुसार होंगे । प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र में विभेदक संख्या (संख्याएं), यूनिटों की संख्या जिनके लिए प्रमाणपत्र जारी किया गया, और यूनिटधारक का नाम होगा ।]

19. यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की रीति :

समय-समय पर बोर्ड द्वारा किये गये निर्धारण के अनुसार यूनिट प्रमाणपत्र उत्कीर्ण या अक्षरमुद्रित या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा हरेक ऐसा हस्ताक्षर या तो अपने हाथ से किया जाएगा या यांत्रिक विधि से किया जाएगा । जब तक यूनिट प्रमाणपत्र पर इस प्रकार से हस्ताक्षर नहीं किया जाता तब तक वह विधिमान्य नहीं होगा । इस प्रकार से हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र विधि मान्य होगा तथा इसके बावजूद भी कि जारी किये जाने के पूर्व उस पर जिस व्यक्ति का हस्ताक्षर था अब वह ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर के लिये प्राधिकृत नहीं रहा हो, कार्यकारी होगा ।

किन्तु, यह और कि इस प्रकार से तैयार किये गये यूनिट प्रमाणपत्र पर ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर हो, जो प्रमाणपत्र जारी करते समय मृत हो, तो ट्रस्ट उस रीति से, जिसे वह सर्वाधिक उपयुक्त समझता है, प्रमाणपत्र पर विद्यमान ऐसे व्यक्ति का हस्ताक्षर निरस्त कर सकता है और किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति से उस पर हस्ताक्षर करवा सकता है । इस प्रकार निर्गत यूनिट प्रमाणपत्र भी विधिमान्य होगा ।

20. ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्रमाणपत्र संबंधी मान्यता नहीं दिया जाना :

जो व्यक्ति यूनिट धारक के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारक के रूप में मान्य होगा और जो यूनिट प्रमाण-पत्र और यूनिट उसके नाम से है, उसमें उसका अधिकार, हक और हित है इसलिये ट्रस्ट ऐसे यूनिट धारक को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और उसके विपरीत किसी नोटिस से या न्यास के निष्पादन की नोटिस से बाध्य नहीं होगा या उस बात को छोड़कर जैसा इसमें व्यक्त रूप से कहा गया हो या सक्षम अधिकारिता वाले किसी न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो कि यूनिट प्रमाणपत्र या उसकी यूनिटों में निहित हक को प्रभावित करने वाले किसी ट्रस्ट या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता दी जाए ।

21. यूनिट प्रमाणपत्र का विनिमय और उसके फटे-फटे, विरूपित हो जाने, खो जाने की स्थिति में प्रक्रिया :

(1) इस योजना के उपबंधों के अधीन हरेक यूनिट धारक अपने किसी या सभी यूनिट प्रमाणपत्रों के बदले यूनिटों की उसी संख्या वाले विपणन योग्य लाट में एक या अधिक यूनिट प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का हकदार होगा । ऐसे विनिमय के लिये आवेदन करते समय यूनिटधारक विनिमय हेतु यूनिट प्रमाण-पत्र ट्रस्ट को सौंप देगा और नये यूनिट प्रमाणपत्र के निर्गम से संबंधित पूरी राशि (यदि उसके लिये देय हो) का भुगतान करेगा ।

(2) यदि कोई प्रमाणपत्र फट-फट जाए जो फटा-पुराना या विरूपित हो जाए तो ट्रस्ट अपने विवेक पर हकदार व्यक्ति को नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है, जिसमें यूनिटों की संख्या वही होगी, जो फटे-फटे या फटे-पुराने या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्रों में थी । यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र खो जाए, चोरी या नष्ट हो जाए तो ट्रस्ट अपने विवेक पर हकदार व्यक्ति को उसके बदले में नया यूनिट प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है । कोई भी नया यूनिट प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा । जब तक आवेदक ने पहले ही :

---

1. "यूनिट प्रमाणपत्र इसके साथ संलग्न फार्म ए के अनुसार होंगे । प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर विभेदक संख्या, यूनिटों की संख्या जिनके लिए प्रमाणपत्र जारी किया गया हो तथा यूनिट-धारक का नाम होगा ।" के लिए 10-12-94 को प्रतिस्थापित किया गया ।

(1) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कटे-फटे होने, फटे-पुराने होने, विरूपित हो जाने, खो जाने, चोरी हो जाने या नष्ट हो जाने का संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया हो ।

(2) तथ्यों की जांच से संबंधित सभी खर्चों का भुगतान न कर दिया हो ।

(3) कटे-फटे, फटे-पुराने या विरूपित होने की दशा में वैसा यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट को प्रस्तुत और सुपुर्द न कर दिया हो; तथा

(4) ट्रस्ट की अपेक्षानुसार उसे क्षतिपूर्ति बंधपत्र प्रस्तुत न कर दिया हो ।

(ख) इस खण्ड के उपबंधों के अधीन ट्रस्ट स्वभावपूर्ण ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने का दायित्व नहीं लेगा ।

(3) इस खण्ड के उपबंधों के अधीन कोई प्रमाणपत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट यह अपेक्षा करेगा कि आवेदक उसके द्वारा निर्गत प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र के लिये रु. 1/- का भुगतान करे तथा इसके साथ स्टाम्प शुल्क, यदि हो, या डाक पंजीकरण प्रभार सहित अन्य खर्च या कर, जो ऐसे प्रमाणपत्र के निर्गम और प्रेषण के संबंध में देय हो, के लिये ट्रस्ट की राय में पर्याप्त राशि का भी भुगतान करे ।

22. यूनिटधारकों की पंजी :

यूनिटधारकों के पंजीयन के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान किये जाएंगे—

(1) ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारकों की पंजी रखी जाएगी और निम्नलिखित को पंजी में प्रविष्ट किया जाएगा :

(क) यूनिटधारकों के नाम और पते

(ख) यूनिट प्रमाणपत्र या प्रमाणपत्रों की विभेदक संख्या और हरेक ऐसे धारक द्वारा रखी गई यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस तिथि से धारक के नाम में यूनिट हैं, वह तिथि ।

(2) जब तक आवेदन 100 यूनिटों के गुणकों में न हो तब तक, यूनिटधारक के रूप में पंजीकरण करने के लिए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(3) इसमें इसके बाद यथा उपबंधित पंजी बंदी को छोड़कर निबंधक द्वारा लगाये गये समुचित प्रतिबंधों के अंतर्गत कार्य समय के दौरान पंजी प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए यूनिटधारक के निरीक्षण के लिए खुली रखी जाएगी ।

(4) इसमें इसके बाद यथा उपबंधित पंजी बंदी को छोड़कर निबंधक द्वारा लगाये गये समुचित प्रतिबंधों के अंतर्गत कार्य समय के दौरान पंजी प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए यूनिटधारक के निरीक्षण के लिए खुली रखी जाएगी ।

(5) ट्रस्ट द्वारा निर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बंद रखी जाएगी लेकिन एक वर्ष में 1[45] दिन से अधिक समय के लिए पंजी बंद नहीं रखी जाएगी । ट्रस्ट ऐसे समाचार पत्रों में जैसा बोर्ड उचित समझे, विज्ञापन द्वारा ऐसी बंदी की सूचना देगा ।

तथापि, यह कि इस याचना की समाप्ति को ट्रस्ट द्वारा जानकारी प्रकाशित करने के बाद, ट्रस्ट किसी एक वर्ष में 1[45] से अधिक दिनों के लिए रजिस्टर बंद रखने का पात्र होगा और ट्रस्ट इसके बाद ट्रस्ट के साथ पंजीकरण हेतु यूनिटों के किसी अंतरण को स्वीकार करने का जिम्मेदार नहीं रहेगा अथवा ऐसी अधिसूचित तिथि के बाद किसी भी यूनिटधारक द्वारा यूनिटों का कोई अंतरण प्रभावी नहीं करेगा और इसके बाद यूनिटों के अंतरण हेतु कोई भी आवेदन निष्क्रिय समझा जाएगा और इस कारण यूनिटधारक के किसी भी नुकसान का ट्रस्ट भागी नहीं होगा ।

(6) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित अथवा रचनात्मक, सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी ।

23. ट्रस्ट के उन्मोचन के लिए यूनिटधारक द्वारा रसीद :

प्रमाणपत्र द्वारा प्रस्तुत किए गए यूनिटों के पक्ष में यूनिटधारक को प्रदत्त किसी धन के लिए उसकी रसीद ही ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

24. यूनिटधारक द्वारा नामांकन :

(1) एकल रूप से यूनिट धारण करने वाले यूनिटधारक अथवा संयुक्त रूप से धारण करने वाले दो यूनिटधारकों को इस मामले में बनाए गए विनियमों के अधीन दो व्यक्तियों से अधिक के पक्ष में नामांकन करने अथवा नामांकन रद्द करने का अधिकार होगा ।

(2) यूनिटधारक जो नाबालिग की ओर से या तो उसके माता-पिता अथवा विधिक अभिभावक हैं और पात्र संस्था समितियों को कोई नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा ।

25. यूनिटों का अंतरण :

(1) यूनिटों के अंतरण की अनुमति होगी ।

(2) यूनिटें धारण करने वाली प्रत्येक यूनिटधारक ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत फार्म में लिखित लिखत द्वारा यूनिटों का अथवा उसके द्वारा धारित किसी भी यूनिट का अंतरण करने का हकदार होगा । बशर्ते ऐसा कोई अंतरण पंजीकृत नहीं किया जाएगा यदि उस अंतरण के परिणामस्वरूप अंतरणकर्ता या अंतरिती जिन यूनिटों का धारक हो उन यूनिटों की संख्या 100 के गुणकों में न होती हो ।

(3) हरेक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता और अंतरिती द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा और अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्टर में दाखिल करने तक अंतरणकर्ता को ही अंतरित यूनिटों का धारक समझा जाएगा । इस खंड को "यूनिट की बिक्री" के साथ संयुक्त रूप से पढ़ा जाएगा ।

26. यूनिटधारक की मृत्यु अथवा दिवालियापन :

(1) यूनिटधारक की मृत्यु की स्थिति में, नामिती ट्रस्ट द्वारा मान्य व्यक्ति होगा/होंगे जो विनियमों के अंतर्गत यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि का हकदार होगा/होंगे ।

---

1. 18-07-96 को "60" के लिए प्रतिस्थापित, जिसे इसके पहले 31-01-94 को "30" के लिए प्रतिस्थापित किया गया था ।

(2) यूनिटधारक द्वारा वैध नामांकन के अभाव में मृत यूनिट-धारक का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 39) के भाग 10 के अंतर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही केवल ऐसा व्यक्ति होगा, जिसका यूनिटों में कोई अधिकार है, ऐसा ट्रस्ट द्वारा माना जाएगा।

1[(3) किसी यूनिटधारक की मृत्यु दिवालियापन के कारण किसी व्यक्ति को यूनिटों का स्वत्वाधिकारी होने पर तथा उसके स्वत्वाधिकारी होने की साक्ष्य को प्रस्तुत करने पर जिसे ट्रस्ट पर्याप्त समझता है, मृतक के नाम जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान, दावेदार द्वारा दावे की सभी औपचारिकताओं का अनुपालन करने पर, ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर किया जाएगा।]

(4) यूनिट प्रमाणपत्र के अंतर्गत यदि अकेला नामिती यूनिट धारण करने का पात्र व्यक्ति है, तो कथित नामिती की इच्छा पर, नामिती को मृतक के नाम पर जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बजाय यूनिटधारक के रूप में यूनिट धारण करने की अनुमति दी जाएगी और वह यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत बना रहेगा और न्यूनतम धारण संबंधी शर्तों के अधीन उसके द्वारा यूनिट धारण करने की इच्छा के पक्ष में उसके नाम यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

27. निवेश सीमा :

(1) ट्रस्ट द्वारा योजना की निधियों का निवेश किसी एक कम्पनी की प्रतिभूतियों में ऐसी कम्पनियों की जारी की गई और बकाया प्रतिभूतियों के 15% से अधिक नहीं होगा। परन्तु किसी भी स्थिति में, नए औद्योगिक उपक्रमों द्वारा जारी की गई आरंभिक पूंजी में ऐसा समग्र निवेश कथित निधियों की कुल राशि के 5% से अधिक नहीं होगा।

(2) उप-खण्ड (1) के अंतर्गत निर्धारित सीमा बाण्डों और डिबेंचरों और कम्पनी जमाओं में ट्रस्ट के निवेश को लागू नहीं होगी, चाहे वह निवेश सुरक्षित हो या न हो।

1[यह योजना सेबी द्वारा अनुमति मिलने और योजना द्वारा निवेश हेतु उपलब्ध होने पर व्युत्पन्न निवेशों में निवेश कर सकती है।

योजना के अंतर्गत 01-01-97 से प्राप्त किसी भी अभिदान का निवेश भारतीय यूनिट ट्रस्ट हेतु सेबी विनियमों एवं नियामक तंत्र के अनुसार किया जाएगा जैसे :

(1) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनके निवेश दर्जे का निर्धारण सीआर-आईएसआईएल/आईसीआरए/सीएआरई या समय समय पर मान्यता प्राप्त किसी अन्य दर्जा निर्धारण करने वाली एजेन्सी द्वारा किया जाएगा। परन्तु यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा।

(2) इस योजना द्वारा कोई मीयादी ऋण नहीं दिया जाएगा।

(3) निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, प्रतिभूत ऋणों और अन्य असूचीबद्ध ऋण लिखतों के जरिए किया गया निवेश योजना की कुल आस्तियों के 10% से अधिक नहीं होगा।

(4) यह योजना अपने निकाय का 5% से अधिक किसी एक कम्पनी के शेयरों में निवेश नहीं करेगी।

(5) इस योजना सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक किसी एक कम्पनी के शेयरों, डिबेंचरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा।

(6) इस योजना सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक किसी एक उद्योग के शेयरों अथवा डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा। परन्तु यह प्रावधान उस योजना को लागू नहीं होगा जो एक अथवा अधिक विशिष्ट उद्योगों के लिए जारी की गई है और उस आशय की घोषणा पेशकश पत्र में की गई है।

(7) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब—

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पाट आधार पर किए गए हों।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनसे ऐसे अंतरण किए जाते हैं।

(ग) असूचीबद्ध या अशोधन निवेशों का अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

(8) सेबी द्वारा म्यूचुअल फंड विनियमों/दिशानिर्देशों/निदेशों के अंतर्गत अन्य प्रकार से अनुमति न मिलने तक यह योजना यूटीआई की किसी अन्य योजना/प्लान में निवेश नहीं करेगी अथवा उसे उधार नहीं देगी।

(9) जब तक सेबी द्वारा म्यूचुअल फण्ड विनियमों/दिशा-निर्देशों/निदेशों के अंतर्गत अन्यथा अनुमति न हो तब तक यह योजना अपने निवेशों के वित्त पोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी।]

28. आय वितरण :

ट्रस्ट योजना के अंतर्गत प्राप्त आय और उसके अंतर्गत किए गए व्यय पर निर्भर करते हुए योजना के अंतर्गत आय वितरण की घोषणा कर भी सकता है अथवा नहीं भी कर सकता है।

---

1. "किसी यूनिटधारक की मृत्यु अथवा दिवालियापन के कारण किसी व्यक्ति को यूनिटों का स्वत्वाधिकारी होने पर तथा उसके स्वत्वाधिकारी होने के साक्ष्य को प्रस्तुत करने पर जिसे ट्रस्ट पर्याप्त समझता है, मृतक के नाम जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान दावेदार द्वारा दावे की सभी औपचारिकताओं का अनुपालन करने पर, सममूल्य पर किया जाएगा।" के लिए 9-11-92 को प्रतिस्थापित किया गया।

1. 18-07-96 को जोड़ा गया।

वितरण योग्य आय, यदि कोई हो, को प्रत्येक वर्ष 30 जून की वार्षिक लेखा बंदी के बाद जितना जल्दी संभव हो, अदा की जाएगी ।

[1][लाभांश की घोषणा के मामले में, आय वितरण वारण्टों का प्रेषण लाभांश की घोषणा किए जाने की तिथि से 42 दिनों के भीतर किया जाएगा ।]

29. लेखा-प्रकाशन :

प्रत्येक वर्ष, 30 जून के बाद ट्रस्ट उस तिथि को समाप्त अवधि में योजना के कार्यों को दर्शाते हुए बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों का प्रकाशन बोर्ड द्वारा निर्णीत विधि से करेगा । ट्रस्ट यूनिटधारक से लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर उसे प्रकाशित लेखे की प्रति भेज देगा ।

[1][शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां विनियमों/सेबी द्वारा जारी दिशानिर्देशों पर निर्भर रहते हुए परिवर्तन के अधीन होंगी ।]

29क. विकास प्रारक्षित निधि (डी आर एफ) में अंशदान

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% ट्रस्ट के डी आर एफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा ।

29ख. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा ।]

30. योजना में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किए गए संशोधन या परिवर्धन को राजपत्र में अधिसूचित करेगा ।

[1][योजना के प्रावधानों में संशोधन कार्यकारिणी समिति और सेबी के पूर्व अनुमोदन से प्रभावी हो सकते हैं ।]

31. [2][ ]

32. यूनिटधारकों के लिए योजना का बाध्यकारी होना :

इस योजना की शर्तों के साथ इसमें समय-समय पर किए गए संशोधन परिवर्तन प्रत्येक यूनिटधारक और उसके माध्यम से या उसके अंतर्गत दावा करनेवाले हरेक व्यक्ति के लिए इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह/वे इस योजना के प्रावधानों में समाविष्ट किसी भी बात के बावजूद व्यक्तिश: रूप से सहमत हो/हों ।

33. यूनिटधारकों को लाभ :

इस योजना की बंदी के समय योजना के अंतर्गत पूंजी और प्रारक्षित निधि और अधिशेष यदि कोई हो, के रूप में सभी प्रादुर्भूत लाभ यूनिटधारकों को, जो योजना की पूर्ण कालावधि हेतु उसकी बंदी तक यूनिट धारण करते हैं, उपलब्ध होंगे ।

34. योजना की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाएगी :

इस योजना की प्रतिलिपि, जिसमें इसके सभी संशोधन भी शामिल होंगे, पूरे कार्य समय के दौरान ट्रस्ट के कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराई जाएगी और यूनिटधारक को रुपए 5/- का भुगतान करने पर ट्रस्ट द्वारा उसकी आपूर्ति की जाएगी ।

35. उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार :

योजना के किसी उपबंध के निर्वचन में कोई संदेह उत्पन्न होने पर अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी को योजना के उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाला नहीं होगा या योजना की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक होगा ।

---

1. 18-07-1996 को जोड़ा गया ।

2. 'योजना की समाप्ति : [3][यह योजना अंतिम रूप से 1 अगस्त, 1999 को समाप्त की जाएगी । यूनिटधारकों को यूनिटों का मूल्य अंतिम पुनर्खरीद हेतु निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर अदा किया जाएगा । निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य लाभ चाहे पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि के रूप में हो या लाभांश के रूप में किसी अनुवर्ती अवधि के लिए प्रोद्भूत हो, नहीं मिलेगा और ट्रस्ट द्वारा जितना जल्दी संभव हो यूनिट प्रमाणपत्र के साथ फार्म जो उसके पीछे है, उचित रूप से भरा हुआ प्राप्त होने की बाद पुनर्खरीद मूल्य की अदायगी की जाएगी । पुनर्खरीद हेतु प्राप्त यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रखा जाएगा ।

ट्रस्ट अपने पास योजना सात वर्षों से अधिक अवधि के लिए बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिस मामले में, यूनिट धारक को यह विकल्प दिया जाएगा कि या तो वह यूनिट ट्रस्ट को वापस बेच दे या अन्य किसी आरम्भिक या उस समय परिचालित योजना/प्लान में, जैसा ट्रस्ट द्वारा निर्णय लिया गया हो, निवेश करे ।] को 18-07-1996 को निकाला गया ।

3. "यह योजना अंतिम रूप से 1 अगस्त, 1999 को समाप्त की जाएगी । सभी यूनिट धारकों को जो इस योजना में उसकी समग्र अवधि हेतु शामिल हुए हैं, उनको उपरोक्त अवधि के दौरान अंतिम पुनर्खरीद हेतु निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर यूनिटों की कीमत अदा की जाएगी । [निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य लाभ चाहे पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि के रूप में हो या अनुवर्ती अवधि के लिए किसी प्रोद्भूत लाभांश के रूप में हो, नहीं मिलेगा और ट्रस्ट द्वारा जितना जल्दी संभव हो यूनिट प्रमाणपत्र के साथ फार्म जो उसके पीछे है, उचित रूप से भरा हुआ प्राप्त होने के बाद पुनर्खरीद मूल्य की अदायगी की जाएगी । पुनर्खरीद हेतु प्राप्त यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रखा जाएगा" को 06-03-95 को प्रतिस्थापित किया गया ।

36. उपबंधों का शिथिलीकरण/परिवर्तन/संशोधन

अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में ट्रस्ट के कार्यपालक न्यासी कठिनाईयों को दूर करने के उद्देश्य से या योजना के निर्बाध और सहज परिचालन के लिए योजना के किसी उपबंध को शिथिल, परिवर्तित या संशोधित कर सकते हैं, यदि किसी यूनिटधारक या यूनिट धारक वर्ग के लिए ऐसा करना उचित समझा जाए ।

1[यूनिटधारकों के अधिकार

1. योजना के अधीन सदस्यों को योजना की आस्तियों में लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित लाभांश, यदि कोई हो, में समानुपातिक अधिकार हैं ।

2. यूनिटधारकों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनको निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा यूनिटधारकों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे ।

3. लाभांश की घोषणा किए जाने के 42 दिनों के भीतर यूनिटधारक लाभांश वारन्ट के प्रेषित किए जाने के हकदार होंगे ।

4. यूनिटधारकों को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है ।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी, 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन प्वाइन्ट, मुम्बई-400 021 में स्थित है ।]

1[अभिरक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे ट्रस्ट की सभी योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित सभी प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लें और उन्हें अभिरक्षा में धारित करें । अभिरक्षक उनकी सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करेंगे । जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निदेश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेन्ट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, पुनर्खरीद, अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा । अभिरक्षक सभी सूचनाएं, रिपोर्ट अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएंगे ।

निबंधक

मैसर्स डाटामैटिक्स लि. को रजिस्ट्रार (निबंधक) के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है । यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि रजिस्ट्रार के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग करने, प्रमाणपत्रों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशकों की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त क्षमता है । आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात् सेवाएं निम्नलिखित कार्यालय द्वारा प्रदान की जाएंगी :—

प्लाट नं. बी-5, एम आई डी सी

भाग बी, क्रास लेन, मरोल

एम आई डी सी पोलिस थाना

अंधेरी (पूर्व)

मुम्बई-400 093.

दूरध्वनि सं. : 821 3383

821 3453-54

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एस एन डी टी महिला विश्व-विद्यालय, बेसमेन्ट, द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुम्बई-400 020 में उपलब्ध रहेंगे :—

* यू टी आई अधिनियम
* सामान्य विनियम
* अभिरक्षकों और रजिस्ट्रारों के साथ किए गए करार
* मास्टरगेन 1992 के प्रावधानों की प्रति]

फार्म क

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

(भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अधीन निर्मित)

पूंजी वृद्धि यूनिट योजना–1992

(खण्ड 18)

यूनिट प्रमाणपत्र सं.

यूनिटों की सं.

यह प्रमाणित किया जाता है कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) के उपबंधों के अधीन बनायी गयी विनियमावली और पूंजी वृद्धि यूनिट योजना–1992 (सी जी यू एस–92) के अंतर्गत, इस प्रमाणपत्र में नामांकित व्यक्ति इसमें उल्लिखित . . . . . यूनिटों, जिनमें प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपए है, का/के पंजीकृत धारक है/हैं ।

नाम

कृते भारतीय यूनिट ट्रस्ट

अध्यक्ष न्यासी

दिनांक

1. 18-07-1996 को जोड़ा गया ।

सभी यूनिटों की पुनर्खरीद हेतु आवेदन पत्र

दिनांक :

प्रति,

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मैं/हम . . . . प्रमाणपत्र में समाविष्ट सभी यूनिटें स्वीकृति तिथि को पुनर्खरीद मूल्य पर पुनर्खरीद के लिए ट्रस्ट को बेचना चाहता हूं/चाहते हैं ।

मुझे यूनिटों के मूल्य का भुगतान मेरे स्वयं के खर्च पर* नकद/चेक/बैंक ड्राफ्ट द्वारा किया जाए ।

धारक (धारकों) के हस्ताक्षर

1. . . . . . .

2. . . . . . .

साक्षी के हस्ताक्षर

नाम : . . . .

व्यवसाय : . . . .

पता : . . . .

साक्षी के हस्ताक्षर

नाम : . . . .

व्यवसाय : . . . .

पता : . . . .

स्वीकृति तिथि

* लागू न होने वाले शब्द काट दें ।

\# [ ]

* 1. 'यह योजना वापसी अदायगी हेतु 20 जुलाई, 1999 को परिपक्व हो जाएगी । उसके बाद कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा ।

2. यह प्रमाणपत्र दो साक्षियों द्वारा उचित रूप से हस्ताक्षरित एवं साक्षित, यूनिटधारक द्वारा परिपक्वता के 3 सप्ताह पहले ट्रस्ट को प्रस्तुत करना होगा ।' 18-7-96 को निकाल दिया गया ।

19-12-94 को जोड़ा गया

फार्म 'ख'

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

(भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अधीन निगमित)

पूंजी वृद्धि यूनिट योजना-1992 (मास्टरगेन-92)

यह प्रमाणित किया जाता है कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) के उपबन्धों के अधीन बनाई गई विनियमावली और पूंजी वृद्धि यूनिट योजना-1992 (मास्टरगेन-92) के अन्तर्गत, इस प्रमाणपत्र में नामांकित व्यक्ति इसमें उल्लिखित यूनिटों, जिनमें प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये है, का/के पंजीकृत धारक है/हैं ।

रजि. फोलियो सं. एमजी- यूनिट प्रमाणपत्र सं.

धारक (धारकों) का (के) नाम :

यूनिटों की सं. दस हजार मात्र (***10,000)

विभेदक संख्या (संख्याएं) : अनुबन्ध के अनुसार (अनुबन्ध प्रमाणपत्र का अभिन्न भाग है)

दूसरी तरफ दिए गए मास्टरगेन-92 के अंतर्गत यूनिटों के अन्तरण व ज्ञापन

तिथि	अंतरण सं०	रजि० फोलियो सं०	अंतरिती का/अंतरितियों के नाम	लघु हस्ताक्षर	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

मास्टरगेन-92 के अन्तर्गत सभी यूनिटों का पुनर्खरीद फार्म

प्रति, दिनांक

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मैं/हम . प्रमाणपत्र में समाविष्ट सभी यूनिट स्वीकृति तिथि को पुनर्खरीद मूल्य पर पुनर्खरीद के लिए ट्रस्ट को बेचना चाहता हूं/चाहते हैं । मुझे/हमें पुनर्खरीद का भुगतान मेरे स्वयं के खर्च पर चेक/बैंक ड्राफ्ट द्वारा किया जाए ।

धारक (धारकों) के हस्ताक्षर

1. . . . . . .

2. . . . . . .

3. . . . . . .

साक्षी के हस्ताक्षर

नाम : . . . .

व्यवसाय : . . . .

पता : . . . .

. . . .

. . . .

स्वीकृति तिथि

मास्टरगेन-92 से संबंधित सभी पत्र व्यवहार नीचे बताए गए रजिस्ट्रार के पते पर किया जाए :

मैसर्स डाटामैटिक्स लि., यूनिट : मास्टरगेन-92, प्लाट सं. ए 16 और 17, एम आई डी सी, भाग बी, 10 लेन, एम आई डी सी पोलिस थाने के पीछे, अंधेरी (पू.) मुम्बई- 400093 ।

10,000 यूनिटों के प्रमाणपत्र का अनुबन्ध, निम्नलिखित प्रमाणपत्रों/विभंवक सं. के स्थान पर समेकित रूप से जारी किया गया*** ।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

(भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अधीन निगमित)
पूंजी वृद्धि यूनिट योजना-1992 (मास्टरगेन-92)

रजि. फोलियो सं. एमजी- पहले धारक का नाम यूनिट प्रमाणपत्र संख्या

क्र. सं. पुराना प्रमाणपत्र सं. विभंवक सं. यूनिटों की सं. क्र. सं. पुराना प्रमाणपत्र सं. विभंवक सं. यूनिटों की सं.

कृते भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्यपालक न्यासी अध्यक्ष

1-7-95 से 30-9-96 तक की अवधि के लिए निवेशकों की शिकायतों संबंधी आंकड़े

योजना का नाम	शिकायतों की संख्या			कुल में से निवारणाधीन शिकायतें
	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवरण किया गया	निवारणाधीन	
1	2	3	4	5
सीसीसीएफ	2907	2820	87	2.99%
सीजीजीएफ	19868	19212	656	3.30%
सीजीएस 83	22480	22284	196	0.87%
सीजीयूएस-91	6462	5767	695	10.76%
सीआरटीएस	169	165	4	2.37%
डीआईयूपी-93	575	550	25	4.35%
डीआईयूपी-95	722	667	55	7.62%
डीआईयूएस-90	5004	4736	268	5.36%
डीआईयूएस-91	6466	6314	152	2.35%
डीआईयूएस-92	3405	3335	70	2.06%
आईओआईएसएफयूएस	5	5	0	0.00%
जीसीजीआई	5318	4655	663	12.47%
ग्रैंड मास्टर-93	1237	1217	20	1.62%

1	2	3	4	5
जीएमआईएस–91	9564	9342	222	2.32%
जीएमआईएस–92	4646	4553	93	2.00%
जीएमआईएस–92(II)	1301	1263	38	2.92%
जीएमआईएस-बी–92	576	552	24	4.17%
जीएमआईएस-बी–92 (II)	4930	4661	269	5.46%
गृहलक्ष्मी यूनिट प्लान–94	1927	1811	116	6.02%
आवास यूनिट योजना	328	289	39	11.89%
एमईपी–91	8930	8448	482	5.40%
एमईपी–92	63043	62249	794	1.26%
एमईपी–93	24081	22576	1505	6.25%
एमईपी–94	16252	15913	339	2.09%
एमईपी–95	62779	62428	351	0.56%
एमईपी–96	2340	1277	1063	45.43%
मास्टर गेन–92	74762	72356	2406	3.22%
मास्टर ग्रोथ–93	3020	2899	121	4.01%
एमआईपी–93	1994	1975	19	0.95%
एमआईपी–94(I)	4777	4741	36	0.75%
एमआईपी–94 (II)	6129	5964	165	2.69%
एमआईपी–94 (III)	11727	11353	374	3.19%
एमआईपी–95	2808	2684	124	4.42%
एमआईपी–95(II)	3851	3627	224	5.82%
एमआईपी–95(III)	6693	6372	321	4.80%
एमआईपी–96	896	777	119	13.28%
एमआईएस–90(I)	510	374	136	26.67%
एमआईएस–90(II)	4284	4189	95	2.22%
एमआईएस बी–93	7243	7049	194	2.68%
एमआईएसजी–91	5135	5045	90	1.75%
मास्टर प्लस–91	47644	46448	1196	2.51%
मास्टर शेयर–86	73695	67417	6278	8.52%
ओमनी–प्लान	75	63	12	16.00%
पीईएफ	814	684	130	15.97%
सेवानिवृत्ति लाभ प्लान	3870	3602	268	6.93%
राजलक्ष्मी यूनिट प्लान	10438	10044	394	3.77%
वरिष्ठ नागरिक यूनिट प्लान	1642	1553	89	5.42%
यूजीएस–2000	67749	62127	5622	8.30%
यूजीएस–5000	16384	13124	3260	19.90%
यूलिप	15761	13690	2071	13.14%
यूएस–64	628393	598040	30353	4.83%
यूएस–92	21799	20916	883	4.05%
यूएस–95	4	4	0	0.00%
कुल	1297412	1234206	63206	4.87%

शिकायतें लम्बित रहने के कारण :

(1) संग्रहण कर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना ।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण ।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना ।

(4) मार्ग में ही खो जाना ।

(5) डाक सेवा में विलम्ब ।

(6) अंतरण/मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना ।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा ।

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलम्ब से प्राप्त होना ।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना ।

शिकायतों/आपत्तियों के स्वरूप पर निर्भर करते हुए ट्रस्ट निवेशकों/रजिस्ट्रारों को उनका निवारण करने के लिए लिखता है ।

सभी निवेशक, निवेश का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अपनी शिकायतें, संबंधित निवेशक संपर्क कक्ष को निम्नलिखित पतों पर भेज सकते हैं ।

पश्चिमी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक सम्पर्क कक्ष,
कामर्स सेंटर 1, 28वीं मंजिल,
जी डी सोमानी मार्ग,
कफ परेड, मुम्बई-400005
टेली : 2180172/2181600

पूर्वी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक सम्पर्क कक्ष,
2, फेयरली प्लेस,
2री मंजिल,
कलकत्ता-700001
टेली : 2434581

दक्षिणी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक सम्पर्क कक्ष,
यूटीआई हाउस, 29,
राजाजी सालै,
मद्रास-600001
टेली : 517101 विस्तार : 360/364

उत्तरी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक सम्पर्क कक्ष,
हेरोल्ड हाउस, 2री मंजिल,
5ए, बहादुर शाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली-110002
टेली : 3329860

*पूर्ववर्ती आंकड़े

विवरण		यूएस 64			पीईएफ		
		1993–94	1994–95	1995–96	1993–94	1994–95	1995–96
1		2	3	4	5	6	7
क. कुल आय		3622.78	3380.41	1748.52	—	2.39	14.78
ख. व्यय (प्रबंधनों सहित)		84.91	92.99	152.49	—	4.83	2.66
ग. शुद्ध आय (क–ख)		3537.87	3287.42	1596.03	—	–2.44	12.12
घ. लाभांश		3128.07	3976.22	2733.78	—	—	—
ङ. शुद्ध आस्ति मूल्य	आरंभिक	—	—	—	—	—	9.95
	अंतिम	—	—	—	—	9.95	12.28
च. पुनर्खरीद	आरंभिक	15.00	15.50	15.00*	—	—	10.10**
	अंतिम	18.00@	18.05	16.25$	—	—	11.84
छ. औसत मासिक शुद्ध आस्तियों को व्यय (%)		—	—	—	—	—	—
ज. पोर्टफोलियो टर्नओवर दर		—	—	—	—	—	—
झ. बाजार मूल्य (उच्चतम/न्यूनतम)		—	—	—	—	—	—
ञ. बिक्री मूल्य	आरंभिक	16.00	16.50*	15.50*	—	—	10.25**
	अंतिम	19.30@	19.35‡	17.20$	—		12.44
ट. यूनिटों की संख्या (लाख में) (अवधि के अंत में)		120146.09	152767.34	135094.59	—	1749.42	1819.79

*वर्ष की 1 जुलाई, से 15 जुलाई तक की अवधि के लिए। @अप्रैल, 1994 के लिए अनुमानित ।
‡मई, 1995 के लिए अनुमानित । $1–5–1996 से 15–5–1996 तक की अवधि के लिए ।
**1–8–1995 से 9–8–1995 तक की अवधि के लिए ।

*18–7–1996 को जोड़ा गया ।

दिनांक 3 फरवरी 1997

यूटी/डीबीडीएम/एसपीडी-144/12 208/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनाई गई यूनिट वृद्धि निधि योजना-2000 के प्रावधानों में संशोधन, जिन्हें 4 नवम्बर, 1996 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

ए. जी. जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

योजना के प्रावधानों में नए खंडों के रूप में निम्नलिखित जोड़े जाएंगे :

5क. राइट्स आधार पर यूनिटों की पेशकश

ट्रस्ट, ऐसे यूनिटधारकों को, उन निबंधन एवं शर्तों पर तथा ऐसी विधि एवं रीति से जिन्हें इस प्रयोजन हेतु ट्रस्ट द्वारा निश्चित किया जाए, अभिदान के लिए यूनिटों की पेशकश कर सकता है ।

न्यूनाभिदान होने की स्थिति में, यूनिटधारकों तथा परित्याग करनेवालों को, उनके द्वारा आवेदित सभी यूनिट आबंटित किए जाएंगे जो इश्यू के समग्र आकार के अधीन होंगे ।

अत्यभिदान की स्थिति में, ट्रस्ट सांख्यिक आधार पर अतिरिक्त यूनिट आबंटित करेगा जो रिकार्ड तारीख पर यूनिटधारकों द्वारा धारित यूनिटों की संख्या के संदर्भ में होंगा तथा इश्यू के समग्र आकार के भीतर होंगा । अभिदान राशि का शेष, यदि कोई हो, तो उसे वापस कर दिया जाएगा ।

अत्यभिदान की स्थिति में, यूनिटों के आबंटन हेतु प्राथमिकता का आधार निम्नानुसार होंगा :

(क) ऐसे यूनिटधारकों को पूर्ण आबंटन किया जाएगा जिन्होंने अपनी राइट्स हकदारी के लिए या तो पूरे या आंशिक भाग के लिए आवेदन किया हो तथा परित्याग करनेवालों को भी पूर्ण आबंटन किया जाएगा, जिन्होंने उनके पक्ष में परित्याग किए गए यूनिटों हेतु पूरे या आंशिक भाग के लिए आवेदन किया हो;

(ख) ऐसे यूनिटधारकों को जिन्होंने राइट्स के रूप में पेशकश किए गए सभी यूनिटों के लिए आवेदन किया हो तथा अतिरिक्त यूनिटों के लिए आवेदन किया हो;

5क. बोनस यूनिटों का जारी किया जाना

ट्रस्ट यूनिटधारकों को इसके आगे या अतिरिक्त यूनिट जिन्हें पूर्ण प्रदत्त रूप में प्रारक्षित पूंजीकरण द्वारा या अन्य रूप से जमा किया गया हो, जारी कर सकता है तथा उसके बाद यूनिटधारकों को उनके अनुरोध पर या अन्य रूप से ऐसे बोनस यूनिटों के संदर्भ में यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा जिनके वे हकदार होंगे ।

15क. खंड 12, 13, 14 एवं 15 में समाविष्ट किसी भी बात के बावजूद, ट्रस्ट यूनिटधारक के अनुरोध पर बोनस यूनिटों के पक्ष में प्रमाणपत्र जारी करने का निर्णय कर सकते हैं और अन्यथा नहीं ।

15ख. इस योजना में यूनिट प्रमाणपत्र से संबंधित प्रावधान, बोनस यूनिटों के संदर्भ में भी लागू समझे जाएंगे ।

23घ. पूंजीकरण

(1) ट्रस्ट इस योजना से संबंधित कोई भी राशि जो उस समय किसी भी प्रारक्षित निधि में जमा हो, अथवा यूनिटधारकों को वितरण के लिए उपलब्ध कोई अन्य राशि हो, उसका पूंजीकरण कर सकता है और उस राशि का इस प्रयोजन हेतु उपयोग अथवा वितरण यूनिटधारकों को, इसमें नीचे उप-खंड (2) में बताए गए प्रकार से किया जाएगा जिसका यदि वितरण किया गया होता तो यूनिटधारक उनके द्वारा धारित यूनिटों पर आय के रूप में उसी अनुपात में इसके लिए पात्र होते ।

(2) उपर्युक्त राशि, उप-खंड (3) में समाविष्ट प्रावधानों के अधीन, ऐसे यूनिटधारकों के बीच, पूर्वोक्त अनुपात में, पूर्णतः प्रदत्त रूप में जारी और आबंटित जमा किए गए यूनिटों की अदायगी हेतु प्रयुक्त होगी ।

(3) ट्रस्ट, तद्नुसार उसके द्वारा निश्चित की गई राशि का, जो बोनस यूनिटों के रूप में पूर्णतः प्रदत्त यूनिटों के आबंटन और निर्गम द्वारा पूंजीकृत की गई हो, विनियोग और उपयोग कर सकता है और सामान्यतया उसको प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सभी क्रियाएं कर सकता है ।

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

कानपुर-208001, दिनांक 5 फरवरी 1997

(चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स)

सं० 3 सी० सी० ए० (8) (4) 1966-97—रेगुलेशन 10 (1) की धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगुलेशन 1988 के अधिनियम 10 (2) (बी) के साथ पढ़ा जाए के अनुसार एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों को कार्य करने का प्रमाण पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने कार्य प्रमाण पत्र हेतु वार्षिक शुल्क भुगतान नहीं किया था।

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम व पता	दिनांक
1.	039943	मि० राम दयाल, एफ० सी० ए० मा० भार० डी० पटेल पी० ओ० 3016 परेल सलाम तानजानिया ।	5-12-94
2.	093479	मि० राजेश कुमार ए०सी०ए० तृतीय-ए-223 रचना बैसाली गाजियाबाद-201010.	1-10-96

प्रद्योक हल्दिया, सचिव

श्रम मंत्रालय

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

(केन्द्रीय कार्यालय)

नई दिल्ली-110066, दिनांक 3 फरवरी 1997

सं. 2/1959/डी. एल. आई/एक्जम-89/भाग-2/204 सा. का.—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अन्तर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है। जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है।

चूंकि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हैं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम को अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं जो कि ऐसे कर्मचारी के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है) जिसे इसमें इसके पश्चात स्कीम कहा गया है।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय, भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गयी है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 में निर्धारित शर्तों के रहते हुए केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को आगे 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करदी है जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया है।

अनुसूची-1

क्रम सं०	स्थापना का नाम व पता	कोड सं०	सरकारी अधिसूचना की दिनांक व सं० जिसके द्वारा छूट प्रदान/विस्तार की गई	समाप्ति की तिथि	छूट की अवधि	के० भ० नि० आ० फाइल सं०
1	2	3	4	5	6	7
1.	मै० सीमेंट कारपोरेशन आफ इण्डिया लि० 87, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-19 (17 शाखाएं)	डी एल/2227	2/1959/डी० एल० आई०/छूट/89/पार्ट-1 दिनांक 12-2-90	29-10-91	30-10-91 से 29-10-94	2/2501/डी० एल० आई०
2.	मै० जय श्री टी व इण्डस्ट्रीज लि० लाल द्वारा, स्वामी तीरथ राम नगर, नई दिल्ली-55 15 शाखायें)	डी एल/2819	2/1959/डी एल० आई/छूट/89/पार्ट-1 दिनांक 26-2-92	20-8-94	21-8-94 से 20-8-97	2/1264/84/डी० एल० आई०
3.	मै० उज्जवल लि०, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-2	डी एल/3255	2/1959/डी० एल० आई०/छूट/89/पार्ट-1 दिनांक 23-12-92	17-9-94	18-9-94 से 17-9-97	2/384/80/डी० एल० आई०
4.	मै० एम० ए० एस० सर्विस प्रा० लि० एबी-4, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-29	डी एल/4789	2/1959/डी० एल० आई०/छूट/89/पार्ट-1 दिनांक	31-8-90	1-9-90 से 31-8-93	2/2336/89/डी० एल० आई०

1	2	3	4	5	6	7
5.	मै० लिविंग मीडिया इण्डिया लि० 316, कम्पोनेंट हाउस, एफ-14, मिडिल सर्किल, कनाट प्लेस, नई दिल्ली -1	डी एल/6508	2/1959/डी० एल० आई०/छूट/89/पार्ट-1 दिनांक 25-5-93	30-4-91	1-5-91 से 30-4-94	2/2099/89-डी० एल० आई०
6.	मै० एम० एन० एस० फार्मा प्रा० लि० 11, कम्युनिटी सेंटर, ई० आफ कैलाश नई दिल्ली -65	डी एल/8859	2/1959/डी० एल० आई/छूट/89/पार्ट-1, दिनांक 29-7-91	28-2-94	1-3-94 से 28-2-97	2/2117/89-डी० एल० आई०
7.	मै० अमोनिया सप्लाईज प्रा० लि०, न्यू कलोनी माडल बस्ती, नई दिल्ली-5	डी एल/8914	2/1959/डी० एल आई/छूट/89/पार्ट-1 दिनांक 19-1-93	31-8-91	1-9-91 से 31-8-94	2/2113/90-डी एल आई०
8.	मै० जयपुर गोल्डन ट्रांस पोर्ट कं०, 472/1, शिश्त चमन, किशनगंज, दिल्ली-7 शाखाओं सहित, आगरा, भिवानी, फरीदाबाद, इन्दौर रोहतक, रिवाड़ी, रोहतक, टी० रतलाम व मेरठ)	डी एल/783	2/1959/डी० एल० आई०/छूट/89/पार्ट-1 दिनांक 20-8-91	11-9-93	12-9-93 से 11-9-96	2/485/90-डी० एल० आई०

अनुसूची-2

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) के खण्ड के अधीन समय-समय पर निर्देश करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण, निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसकी स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुदेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी हक के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होता जब तक वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिसों/नाम निर्देशितियों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अथवा अनुमोदन देने के पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी राशि से कम हो जाते तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के संचालन हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्वेशितों का विधिक वारिसों को यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12 उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्वेशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

डी. के. मरवाह
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

नई दिल्ली-110066, दिनांक 4 फरवरी 1997

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/217—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोजकों ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2 (क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, एच. डब्ल्यू. टी. स्यैम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय, भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गई है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, एच. डब्ल्यू. टी. स्यैम उक्त स्कीम के सभी उपबंधों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया गया है।

अनुसूची I

क्रम सं०	स्थापना का नाम व पता	कोड सं०	सरकारी अधिसूचना की दिनांक व सं० जिनके द्वारा छूट प्रदान/विस्तार की गई।	समाप्ति की तिथि	छूट की अवधि	के० भ० नि० आ० फाइल सं०
1	2	3	4	5	6	7
1.	मै० बैली ब्यू क्लिनिक, 9, यू० एन० ब्रह्मचारी स्ट्रीट, कलकत्ता–17	प० बं०/15010	2/1959/डी० एल० आई/छूट/89/पार्ट–1/68, दिनांक 11–1–92	10–8–96	11–8–96 से 10–8–99	2/(307) डी० एल० आई०/प० बं०/80
2.	मै० मेकमेट इण्डिया लि० 27–बी, कामिक स्ट्रीट कलकत्ता तथा इसकी तीन शाखायें ।	प० बं०/24973	2/1959/डी० एल० आई/89/पार्ट–1/672, दिनांक 31–10–91	26–7–96	27–7–96 से 26–7–99	2(1632) डी० एल० आई०/प० बं०/87
3.	मै० हैदराबाद इण्डस्ट्रीज लि०, हैवी इंजीनियरिंग डिवी० पी० ओ० हिन्द मोटर–712233, पी० एम० उत्तरपारा, जिला हुगली प० बं०–1	प० बं०/28248	2/1959/डी एल० आई०/छूट/89/पार्ट–1/178, दिनांक 13–2–95	31–3–96	1–4–96 से 31–3–99	2(546) डी० एल० आई०/प० बं०/94

1	2	3	4	5	6	7
4.	मै० दी ग्रामोफोन कं० ऑफ इण्डिया, लि०, 33, जाशोर मार्ग, डम डम तथा इसकी 6 शाखायें	प० बं/296	2/1959/डी० एल० आई/ छूट/89/पार्ट-1/2319 दिनांक 22-7-91	26-3-94	27-3-94 से 26-3-97	2(37)/डी०एल० आई/छूट/प० बं०/ 76
5.	मै० वी० एक्स० लि० लैडीस एण्ड जी० वाई० आर० लि०, डी० एच मार्ग पी० ओ० जोका, जिला-24 परगनाज (एस०) पूर्व नाम वी० एक्स० वाई० (पी) लि० यूनीवर्सल इलैक्ट्रानिक्स	प० बं/11576	2/1959/डी० एल० आई/ छूट/89/पार्ट-1/1694 दि० 21-9-91	26-3-94	27-3-94 से 26-3-97	2(174) डी० एल० आई०/ प० बं०/78

अनुसूची II

1. उक्त स्थापना के संबंध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निदेश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण, निरीक्षण प्रभारी का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बताए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में सामूहिक रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम थी जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने के पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है । अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले किसी राशि से कम हो जाये तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि संदाय

तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

डी .के. मरवाह
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

नई दिल्ली-110066, दिनांक 4 फरवरी 1997

सं. 2/1959/डी. एल. आई./भाग-1/224 सा का.—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा की उप धारा 2(क) के अन्तर्गत छूट के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट है कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं जो कि ऐसे कर्मचारी के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है । (जिसे उसमें इसके पश्चात स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उप धारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि में उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त दिल्ली ने स्कीम की धारा 28(7) के अन्तर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के संचालन की छूट प्रदान कर दी है ।,

अनुसूची–1

(दिल्ली)

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड नं०	छूट की प्रभावी तिथि	के० भ० नि० आ० फाइल सं०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	मै० रामा विजन लि०, 303-305, रत्न ज्योति बिल्डिंग, 16 राजिन्दर प्लेस, नई दिल्ली–110008 ।	12129 डी० एल०	1-12-90 से 30-11-93	2/2/96/डी०एल०आई०

अनुसूची II

1. उक्त स्थापना के संबंध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2–क) के खण्ड के अधीन समय-समय पर निदेश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अंतर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्ररूप किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण, निरीक्षण प्रभारी का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसकी स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में सामूहिक रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय के जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो नियोजक कर्मचारी के निधिक वारिसों/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है, अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली किसी राशि से कम हो जाते तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों की बीमाकृत राशि संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

डी. के. मरवाह

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

नई दिल्ली-110066, दिनांक 4 फरवरी 1997

सं. 2/1959/डी. एल. आई./भाग-1/235 सा. का.—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा की उप धारा 2(क) के अंतर्गत छूट के लिए आवेदन किया है) जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है ।

चूंकि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से सन्तुष्ट हैं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं जो कि ऐसे कर्मचारी के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है ।) जिसे इसमें इसके पश्चात स्कीम कहा गया है ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा (17 की उप धारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त करनाल ने स्कीम की धारा 28(7) के अन्तर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के संचालन की छूट प्रदान कर दी है ।

अनुसूची—1

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड सं०	छूट की प्रभावी तिथि	के० भ० नि० आ० फाइल सं०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	मै० क्रिस्टल इंजीनियरिंग कारपोरेशन, यमुना नगर	एच/आर/ 5212	1-3-91 से 28-2-93	2/22/95/डी० एल० आई०

अनुसूची II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसा लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) के खण्ड के अधीन समय-समय पर निर्देश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण, निरीक्षण प्रभारी का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदन सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना के पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त वर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब तक वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिसों/नाम-निर्देशितों को पाकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसमें स्थापना पहले अपना चुकी है, अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली किसी राशि से कम हो जाते तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उस हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों की बीमाकृत राशि संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने की एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

डी. के. मरवाह
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मु.)

नई दिल्ली-110066, दिनांक 4 फरवरी 1997

सं. 2/1959/डी. एल. आई./भाग-1/242 सा का.—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा की उप धारा 2(क) के अंतर्गत छूट के लिए आवेदन किया है जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है ।

चूंकि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट है कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं जो कि ऐसे कर्मचारी के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है । जिसे इसमें इसके पश्चात स्कीम कहा गया है ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा (17 की उप धारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त उड़ीसा ने स्कीम की धारा 28(7) के अन्तर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के संचालन की छूट प्रदान कर दी है ।

अनुसूची—1

उड़ीसा

क्र० सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड सं०	छूट की प्रभावी तिथि	के० भ० नि० आ० फाइल सं०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	मै० इण्डियन रेयर अर्थस लि० छत्रपुर गजम, उड़ीसा	ओ/आर/1704	1-6-91 31-5-94 और 1-6-94 से 31-5-97	2/5304/93 डी० एल० आई०

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2-क) के खण्ड (क) के अधीन समय-समय पर निर्देश करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण, निरीक्षण प्रभारी का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी तावत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ घटाये जाते है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होता जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो नियोजक कर्मचारी के वैधिक वारिसों/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है, अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली किसी राशि से कम हो जाते तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत होने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों की बीमाकृत राशि संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

डी. के. मरवाह
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मु.)

श्रम मंत्रालय

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (केन्द्रीय कार्यालय)

